

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 8 अप्रैल 2026

संवत 2083, वैशाख कृष्ण 6 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 203 , पृष्ट-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ उच्च शिक्षा और अनुसंधान की चुनौतियां

ऋचा को दिल्ली हाईकोर्ट से फटकार 6


# अमेरिका-इजराइल ने ईरान पर हमले रोके, होर्मुज खुलेगा, दो हफ्ते का संघर्ष विराम प्रभावी



**वाशिंगटन/तेल अवीव/ तेहरान :** अमेरिका आखिरकार दो सप्ताह के संघर्ष विराम (सीज फायर/ युद्ध विराम) पर सहमत हो गया। इस पर इजराइल ने भी हां कर दी है। दोनों ने मध्यस्थ देशों का मान रख लिया और अब ईरान के साथ आमने-सामने की बातचीत की तैयारी की जा रही है। 28 फरवरी से ईरान के साथ छिड़े युद्ध की लपटों में अमेरिका और इजराइल के मददगार देश भी झुलस चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सोशल ट्रुथ पर दो हफ्ते के युद्ध विराम के ऐलान से दुनिया ने बड़ी राहत महसूस की है। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर हमले रोक दिए हैं।

सीएनएन, सीबीएस न्यूज, अल जजीरा, दुनिया न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों का कहना है कि प्रशासन अब ईरान के साथ सीधी (आमने-सामने की) बातचीत की तैयारी कर रहा है। अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व संभवतः उप राष्ट्रपति जेडी वैंस करेंगे। इसका मकसद दीर्घकालिक समझौते का प्रारूप तैयार करना है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलीन लेविट ने माना कि इस समय आमने-सामने की बातचीत की चर्चा चल रही है। उन्होंने साफ किया कि इसकी अंतिम घोषणा राष्ट्रपति या व्हाइट हाउस करेंगे।

कुछ अधिकारियों ने बताया कि यह बैठक संभवतः पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में होगी। इन अधिकारियों के अनुसार, ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, दामाद जेरेड कुशनर और उप राष्ट्रपति जेडी वैंस के इस बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। हालांकि वैंस इस समय हंगरी के दौरे पर हैं। उधर, ईरान के खिलाफ शुरू किए सैन्य अभियान में अमेरिका के सहयोगी इजराइल के अधिकारी ट्रंप के रुख में अचानक आए बदलाव से आश्चर्यचकित हैं। हालांकि इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रंप की सहमति पर अपनी हां कर दी है। इससे साफ हो गया है कि इजराइल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अनुसरण करते हुए इस संघर्ष विराम का पालन करेगा।

इस बीच एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि अमेरिकी सेना ने ईरान के अंदर हमले रोक दिए हैं। ईरान ने कहा है कि संघर्ष विराम के दौरान उसकी सेना होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों के आवागमन को नियंत्रित करेगी। ईरान की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ने एक बयान जारी किया है। इसमें कहा गया है कि ईरान की 10 सूत्री योजना को स्वीकार कर लिया गया है। यह योजना ₹कुछ बुनियादी मामलों पर जोर देती है,₹ जैसे कि ₹ईरान की सशस्त्र सेनाओं के समन्वय के तहत होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों का नियंत्रित आवागमन।₹ बयान में कहा गया है कि इससे ईरान को ₹एक विशिष्ट आर्थिक और भू-राजनीतिक दर्जा₹ प्राप्त होगा।

ईरान के विदेशमंत्री सैयद अब्बास अरागाची ने कहा कि इन दो हफ्तों के दौरान, होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों का सुरक्षित आवागमन ₹ईरान की सशस्त्र सेनाओं के साथ समन्वय और तकनीकी सीमाओं को ध्यान में रखते हुए ही संभव हो पाएगा।₹ उन्होंने इस संघर्ष विराम में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और वहां के सैन्य प्रमुख आसिम मुनीर की भूमिका की तारीफ की है। इससे पहले आज तड़के करीब तीन बजे खाड़ी के कई देशों ने कहा था कि वह पिछले एक घंटे से मिसाइल और ड्रोन हमलों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। यहां यह महत्वपूर्ण है कि यह अल्पकालिक युद्ध विराम ट्रंप की हमले शुरू करने की समय सीमा खत्म होने से कुछ घंटे पहले हुआ। ट्रंप ने कहा था कि अगर ईरान होर्मुज को नहीं खोलता तो उसे रातों रात तबाह कर एक सभ्यता का अंत कर दिया जाएगा।

ट्रंप की धमकी से दुनिया भर में खलबली मच गई। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने एक्स पर कहा, ₹ऐसा कोई भी सैन्य उद्देश्य नहीं है जो किसी समाज के इंफ्रास्ट्रक्चर के पूर्ण विनाश या आम नागरिकों को जानबूझकर कष्ट पहुंचाने को सही ठहरा सके।₹ पोप लियो ने कहा कि ये धमकियां वास्तव में अस्वीकार्य हैं। इस बीच, इजराइली अधिकारियों ने कहा है कि ईरान पर हमला रोक दिया गया है।

## सारंडा में पेड़ गिरने से एक कोबरा जवान की मौत, नक्सल अभियान में था शामिल



**रांची :** नक्सलियों के खिलाफ सारंडा में चल रहे जोरदार अभियान के बीच एक बुरी खबर सामने आई है। तेज आंधी तूफान की वजह से सारंडा में एक पेड़ कोबरा के एक जवान पर जा गिरा। इस हादसे में कोबरा के जवान राकेश कुमार की मौत हो गई।

**क्या है पूरा मामला :** सारंडा में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान में खराब मौसम बड़ी बाधा बना हुआ है। मंगलवार देर रात तेज आंधी तूफान की वजह से बाबू डेरा कैंप के पास एक बड़ा पेड़ गिर गया। इस हादसे में सीआरपीएफ कोबरा बटालियन के जवान राकेश कुमार बुरी तरह से घायल हो गए। बुधवार के अहले सुबह उन्हें हेलीकॉप्टर से एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान राकेश कुमार की मौत हो गई।

झारखंड पुलिस के आईजी अभियान डॉक्टर माइकल राज ने बताया कि सारंडा के बाबू डेरा कैंप के पास तेज आंधी-तूफान में एक पेड़ कैंप के पास गिर गया। इस हादसे में कोबरा के जवान राकेश कुमार की मौत हो गई।

**बिहार के रहने वाले हैं राकेश**

शहीद राकेश कुमार सीआरपीएफ कोबरा बटालियन में सिपाही के पद पर कार्यरत थे। जवान राकेश बिहार के औरंगाबाद जिले के दाउदनगर के धमनी गांव के रहने वाले थे। परिजनों को राकेश कुमार की मौत की जानकारी दे दी गई है। रांची के सीआरपीएफ कैंप में उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए औरंगाबाद भेजा जाएगा।

# तीन दिन से लापता किसान का शव जंगल में पेड़ से लटका मिला, इलाके में सनसनी

**कोडरमा :** कोडरमा जिले के ढाब थाना क्षेत्र में तीन दिन से लापता एक अधेड़ व्यक्ति का शव जंगल में पेड़ से लटका मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान नावाडीह गांव निवासी 55 वर्षीय किशोर यादव के रूप में हुई है। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक तौर पर मामला आत्महत्या से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि पुलिस सभी बिंदुओं की जांच कर रही है।

**तीन दिन पहले जंगल गए थे, फिर नहीं लौटे :** मृतक के भतीजे पवन कुमार यादव ने बताया कि किशोर यादव तीन दिन पहले अपने मवेशियों को लेकर जंगल की ओर गए थे। लेकिन देर शाम तक जब वे वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने आसपास के इलाकों में काफी खोजबीन की। कई जगह तलाश करने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद परिजनों ने 6 अप्रैल को ढाब थाना में किशोर यादव के लापता होने की लिखित शिकायत दर्ज कराई थी।

**खोजबीन के दौरान मिला शव :** गुमशुदगी दर्ज होने के बाद पुलिस और ग्रामीण लगातार उनकी तलाश में जुटे थे। बुधवार को जंगल की ओर गए कुछ लोगों की नजर एक पेड़ से लटके शव पर पड़ी। जब पास जाकर देखा गया तो शव की पहचान किशोर यादव के रूप में हुई। शव मिलने की खबर फैलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

**थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे :** सूचना मिलते ही ढाब थाना प्रभारी बमबम साह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर आगे की प्रक्रिया शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि गुमशुदगी का मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका था और लगातार खोजबीन की जा रही थी। अब शव मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

**मानसिक तनाव में रहने की बात :** परिजनों का कहना है कि किशोर यादव पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। इसी कारण आत्महत्या की आशंका जताई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि हो सकेगी। मृतक पेशे से किसान थे और अपने पीछे पत्नी व एक पुत्र को छोड़ गए हैं। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है।

**पुलिस कर रही जांच :** पुलिस ने बताया कि मामले में सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बरियातू ज्वेलर्स दुकान लूटकांड का 12 घंटे के अंदर खुलासा, तीन अपराधी गिरफ्तार



**रांची :** राजधानी के बरियातू थाना अंतर्गत हरिहर सिंह रोड में बीते रात करीब साढ़े सात बजे प्रीति ज्वेलर्स में हुए लूटकांड का रांची पुलिस ने खुलासा कर लिया है। रांची पुलिस की टीम ने तीन अपराधियों को हथियार समेत गिरफ्तार किया है। एसएसपी राकेश रंजन के निर्देश पर गठित टीम ने 12 घंटे के अंदर पूरे मामले का उद्भेदन किया है। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से लूटा हुआ सारा सामान, मोबाइल और बाइक बरामद किया है। इस मामले में सिटी एसपी पारस राणा प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की जानकारी पत्रकारों को देंगे।

**क्या है मामला :** मालूम हो कि बीती शाम अपराधियों ने हथियार के बल पर ज्वेलरी दुकान में घुसकर लूटपाट की थी और मौके से फरार हो गए थे। घटना के बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया था। बदमाशों ने हरिहर सिंह रोड स्थित प्रीति ज्वेलर्स में अचानक धावा बोल दिया। दुकान में मौजूद लोगों को हथियार दिखाकर डराया गया और फिर आराम से लूट की वारदात को अंजाम दिया गया था। बताया जा रहा है कि पूरी घटना कुछ ही मिनटों में हो गई थी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बदमाशों के हाथ में हथियार था। उन्होंने दुकान में घुसते ही लोगों को चुप रहने की धमकी दी। डर के कारण कोई भी उनका विरोध नहीं कर सका और बदमाश आसानी से अपना काम कर निकल गए। जैसे ही लूट की खबर फैली, आसपास के दुकानदार और स्थानीय लोग मौके पर जुट गये थे। घटना की सूचना मिलते ही बरियातू थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाला गया था।

## टेंडर कमीशन प्रकरण : पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई पूरी, फैसला सुरक्षित



**रांची :** पूर्व मंत्री आलमगीर आलम पर चल रहे टेंडर कमीशन मामले में सुनवाई पूरी हो चुकी है। झारखंड हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रखा है। इस मामले में पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने पीएमएलए कोर्ट द्वारा खारिज की गई डिस्चार्ज पिटीशन और उनके खिलाफ आरोप गठित करने के फैसले को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी है। इस सुनवाई में ईडी की ओर से अधिवक्ता जोहेब हुसैन, एके दास और सौरव कुमार ने अपना पक्ष रखा है।

ईडी ने टेंडर घोटाले की जांच के दौरान पूर्व मंत्री आलमगीर आलम, उनके डरऊसंजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया हैं। 6 मई 2024 को ईडी ने कई इंजीनियरों, ठेकदारों, कांट्रैक्टरों और संबंधित अधिकारियों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी में संजीव लाल के सहायक जहांगीर आलम के आवास से करीब 32.2 करोड़ रुपये, संजीव लाल के आवास से 10.5 लाख रुपये और उनके सचिवालय स्थित कार्यालय से 2.3 लाख रुपये बरामद हुए थे। इतनी बड़ी रकम की बरामदगी के बाद पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ईडी के रडार पर आ गए थे। दो दिनों की पूछताछ के बाद 15 मई 2024 को ईडी ने आलमगीर आलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।

## जुआरी बेटे ने पिता को उतारा मौत के घाट, कुदाल से वार कर की हत्या

**रांची:** राजधानी रांची में एक जुआरी बेटे ने अपने सगे बाप की बेरहमी से हत्या कर दी। इल्जाम है कि बेटे ने पिता को कुदाल से काटकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक की शिनाख्त गोविंद साहू के तौर पर की गयी है। वह रांची के एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हाराटांड़ के रहने वाले थे। बेटे का नाम कमल साहू बताया गया। वारदात की फैली खबर के बाद इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पुलिस को दी गयी। मिली सूचना पर एयरपोर्ट थानेदार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और बॉडी को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं, आरोपी बेटे कमल साहू को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के अनुसार करीब 32 साल के कमल साहू को जूआ खेलने की बुरी लत थी। कमल साहू जुआ में काफी पैसे हार चुका था। वह अपने पिता से पैसे मांग रहा था। पिता ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। बार-बार पैसे मांगने पर भी पिता ने मना कर दिया। पिता के इनकार के बाद जुआरी बेटे गुस्से से लाल-पीला हो गया और पास पड़े कुदाल से पिता पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। मौके पर ही पिता गोविंद साहू की मौत हो गयी। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गयी है।

## पलामू के छतरपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, ससुराल वाले फरार

**पलामू:** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के मड़वा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई है। महिला की मौत के बाद ससुराल वाले फरार हो गए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच कर रही है। दरअसल बिहार के रोहतास की रहने वाली चंचला देवी की शादी पलामू के छतरपुर के मड़वा के रहने वाले कुंदन सिंह के साथ 2024 में हुई थी। चंचला देवी का आठ महीने का बच्चा भी है।

**पुलिस मामले की छानबीन कर रही है :** दरअसल पलामू के छतरपुर थाना की पुलिस को सूचना मिली थी कि चंचला देवी नामक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस चंचला देवी के घर पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन शुरू कर दी।

**बड़ी संख्या में परिजन मौके पर पहुंचे :** इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद बड़ी संख्या में परिजन एवं रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए हैं। ससुराल वालों का कहना है कि महिला छत से गिर गई थी, जबकि उसके शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं हैं।

**बेटी ने मारपीट की जानकारी दी थी :** परिजन मृतक के परिजनों का कहना है कि ससुराल वालों ने गला दबाकर हत्या की है। मंगलवार की शाम तीन बजे के करीब चंचला देवी की बातचीत मां से हो रही थी, बातचीत के क्रम में उसने बताया था कि उसके साथ मारपीट की जा रही है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जब वह बेटी के ससुराल में पहुंचे तो देखा कि उसका शव पड़ा हुआ है।

# आरबीआई ने रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर रखा बरकरार




**नई दिल्ली :** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने नीतिगत दर रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर बरकरार रखा है। रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिवसीय समीक्षा बैठक के बाद ये जानकारी दी।

आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसलों की घोषणा करते हुए बताया कि रेपो रेट को 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा गया है। मल्होत्रा ने बताया कि रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने वित्त वर्ष 2026-27 की अपनी पहली मौद्रिक समीक्षा में आम सहमति से नीतिगत दर रेपो को 5.25 फीसदी पर यथावत रखा है।

संजय मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की पहली द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा पेश करते हुए कहा कि पश्चिम एशिया संकट से आपूर्ति श्रृंखलाा प्रभावित हुई, लेकिन कई अन्य देशों की तुलना में भारत की आर्थिक बुनियाद मजबूत बनी हुई है। गवर्नर ने कहा कि ईरान संकट की वजह से महंगाई एक बार फिर जोखिम पैदा कर रही है। ऐसे में नीतिगत ब्याज दर को घटाने से ज्यादा जरूरी आर्थिक उपायों को सहयोग देना और विकास दर को बनाए रखना है।

**क्या होता है रेपो रेट :** रेपो रेट वह ब्याज दर है, जिस पर आरबीआई बैंकों को अल्पकालिक ऋण देता है। इसका सीधा प्रभाव लोन, ईएमआई, बचत और निवेश पर पड़ता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले पिछले वित्त वर्ष के फरवरी 2026 में हुई अंतिम एमपीसी की बैठक में रिजर्व बैंक ने रेपो रेट 5.25 फीसदी पर स्थिर रखा गया था। हालांकि, रिजर्व बैंक ने फरवरी, 2025 से अब तक रेपो रेट में कुल 125 फीसदी की कटौती कर चुका है। आखिरी कटौती दिसंबर, 2025 में हुई थी, जब रेपो रेट को 0.25 फीसदी घटाकर 5.25 फीसदी किया गया था।


**Spring Hill Evening College**

(संध्याकालीन) प्रस्तावित VBU Hazaribagh, Tilokri, Jainagar, koderma

**आवश्यकता**

निम्न विषयों के स्नातकोत्तरधारी योग्य शिक्षकों की आवश्यकता है. हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत, इतिहास, राजनीति शास्त्र, अर्थशास्त्र, भुगोल, गृह- विज्ञान, दर्शन शास्त्र, समाज शास्त्र, खोरठा, **Accountancy, BMT, BST, ETP** इच्छुक उम्मीदवार अपना सर्टिफिकेट की छायाप्रति एवं 2500/- का **D.D.** जमा करेंगे जो स्प्रिंग हिल एजुकेशनल ट्रस्ट रांची के नाम से देय होगा. आवेदन शुल्क ऑनलाइन जमा कर सकते हैं।

**स्थान**

Ground floor, Near Railway Underpass, Tilokari, Jainagar, Koderma

Mobile:-6207151436, 7667317636, 9006620533

दिनांक: 8/04/2026 एवं10/08/2026 11/04/2026

(10:00 बजे से 4:00 बजे तक )



## जनता दरबार में आमजनों की समस्याओं पर सुनवाई, त्वरित निष्पादन के निर्देश

**चतराः** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित जनता दरबार में मंगलवार को विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों की समस्याओं की सुनवाई की गई।समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में आयोजित इस कार्यक्रम में लोगों ने अपनी समस्याएं उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी के समक्ष प्रस्तुत कीं।जनता दरबार के दौरान भूमि विवाद, सड़क निर्माण, अबुवा आवास, मनरेगा, स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग से संबंधित मामलों सहित अन्य प्रशासनिक विषयों पर आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त ने सभी आवेदनों का अवलोकन करते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने निर्देशित किया कि प्राप्त आवेदनों का निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजनों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार आम नागरिकों के लिए प्रशासन तक अपनी समस्याएं सीधे पहुंचाने का प्रभावी माध्यम है, जिससे समस्याओं के त्वरित समाधान के साथ-साथ प्रशासन के प्रति जनविश्वास भी सुदृढ़ होता है। उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन चतरा द्वारा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से अपराह्न 12:30 बजे तक समाहरणालय में नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जाता है।

## लावालौंग में बालू तस्करी को लेकर ग्रामीणों का विरोध,ट्रैक्टर चालकों से हुई नोकझोंक



**चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र में बालू तस्करी और नदियों के अवैध दोहन को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।मंगलवार की शाम को इसी मुद्दे पर ग्रामीणों और ट्रैक्टर संचालकों के बीच कल्याणपुर चौक पर तीखी नोकझोंक हो गई।जानकारी के अनुसार,अमानत नदी से अवैध रूप से बालू उठाकर हेडुम और कल्याणपुर होते हुए चतरा ले जाया जा रहा था।इससे नाराज ग्रामीणों ने कल्याणपुर चौक पर ट्रैक्टरों को रोक दिया और विरोध जताया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच काफी देर तक तू-तू, मैं-मैं होती रही।ग्रामीणों का आरोप है कि कुछ ही देर में मौके पर बालू माफिया और ट्रैक्टर मालिक पहुंच गए और धमकी भरे लहजे में बात करते हुए ट्रैक्टरों को वहां से ले गए।ग्रामीणों ने बताया कि रात में एक-दो बजे तक सैकड़ों ट्रैक्टरों से अमानत नदी से बालू का उठाव किया जाता है और उसे चतरा सहित अन्य जगहों पर भेजकर माफिया मोटी कमाई कर रहे हैं। जिसके कारण गांव में रास्ता चलने लायक नहीं बचा है।

ग्रामीणों का कहना है कि जल, जमीन,जंगल,नदी और पहाड़ जैसे प्राकृतिक संसाधन कमोबेश स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए हैं,न कि उनकी तस्करी कर बाहरी बाजारों में बेचे जाने के लिए। उन्होंने प्रशासन से अविलंब कार्रवाई करते हुए अवैध बालू खनन पर रोक लगाने की मांग की है।स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने पेश की मानवता की मिसाल



**चतरा।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह जी ने एक बार फिर मानवता और अपने वादे को निभाने का उदाहरण पेश किया है। मंगलवार देर शाम सांसद हंटरगंज प्रखंड के जोरी क्षेत्र स्थित पोस्तिया गांव पहुंचे और भाजपा के दिवंगत बूथ अध्यक्ष सुरेंद्र यादव के परिजनों से मुलाकात की। ज्ञात हो कि सुरेंद्र यादव के निधन के बाद उनका परिवार कठिन परिस्थितियों से गुजर रहा था। उस समय सांसद ने हर संभव मदद का आश्वासन दिया था। अपने इसी वादे को निभाते हुए उन्होंने सुरेंद्र यादव के पुत्र और पुत्री के आगामी 27 अप्रैल 2026 को होने वाले विवाह के लिए 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान सांसद ने परिजनों को ढांढस बंधाया और कहा कि वे हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने दोनों बच्चों के सुखद और उज्ज्वल वैवाहिक जीवन की कामना की। सांसद की इस मदद से परिवार के लोगों ने राहत महसूस की और उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से शादी की तैयारियों में काफी सहूलियत मिलेगी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनय सिंह, मंडल अध्यक्ष गायत्री देवी, पूर्व महिला अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, अरुण सिंह, मुखिया मनोज पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

## होमगार्ड जवान की इलाज के दौरान मौत



**चतरा।** हंटरगंज प्रखंड के जोरी थाना क्षेत्र के मास्टर मोहल्ला जोरी निवासी होमगार्ड जवान की सोमवार देर रात इलाज के दौरान रांची के एक निजी पारस नामक अस्पताल में मौत हो गई। तीन दिन पूर्व ड्यूटी करके घर पहुंचने के बाद तबीयत बिगड़ने के बाद परिजन अस्पताल में भर्ती कराकर इलाज करा रहे थे। मृतक जोरी निवासी दिलीप साहू चतरा मंडल कारा पर सैन्य नंबर 10744 में होमगार्ड जवान के रूप में तैनात थे। परिजनों के अनुसार 3 अप्रैल को वह ड्यूटी करके देर शाम घर लौटे थे। कुछ समय बाद अचानक दिलीप की हालत बिगड़ने लगी। तो आनन फानन में सीएचसी उपकेंद्र जोरी से जिला अस्पताल चतरा लेकर गए। हालत में सुधार होता नही देख डॉक्टरों ने रांची के लिए रेफर कर दिया था। इधर शव पहुंचते ही गांव में मातम पसर गया वही परिजनों मे कोहराम मच गया। परिजनों के चीख चीत्कार से माहौल गमगीन है।

# खूंटी कचहरी परिसर में हुई चोरी, तीन दुकानों से नगदी ले भागे

**संवाददाता**



**खूंटी :** जिले के कचहरी परिसर में एक बार फिर चोरों ने पुलिस व्यवस्था को खुली चुनौती दी है। जिला जेल, अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय से महज कुछ कदम की दूरी पर स्थित दुकानों को निशाना बनाते हुए चोरों ने चार दुकानों के ताले काटे, जिनमें से तीन दुकानों से नगदी लेकर फरार हो गए, जबकि एक दुकान का ताला काटकर छोड़ दिया। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं और पहले के मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय दुकानदारों में भारी आक्रोश और दहशत है।

खूंटी जिला मुख्यालय स्थित कचहरी परिसर में एक बार फिर चोरी की घटना ने पुलिस की रात्रि गश्ती और सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बीती रात अज्ञात चोरों ने कचहरी परिसर की चार दुकानों को निशाना बनाया। चोरों ने चार दुकानों के शटर का ताला काटा, जिनमें से तीन दुकानों के भीतर घुसकर नगदी राशि चुरा ली, जबकि एक दुकान का ताला काटकर छोड़ दिया।

सबसे हैरानी की बात यह है कि जहां यह चोरी हुई, वह इलाका खूंटी-तमार मुख्य मार्ग से सटा हुआ है और उसके ठीक बगल में जिला जेल स्थित है। इतना ही नहीं, अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी का कार्यालय भी घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर मौजूद है। इसके बावजूद चोरों का इस तरह बेखौफ होकर वारदात को अंजाम देना, पुलिस की सतर्कता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है। जानकारी के अनुसार, चोरों ने दुकानों के भीतर रखे सामान को इधर-उधर बिखेर दिया, लेकिन किसी बड़े सामान या मशीन को हाथ नहीं लगाया। तीनों दुकानों से केवल कैश काउंटर में रखी नगदी ही चोरी की गई। इससे साफ अंदेशा लगाया जा रहा है कि चोर पहले से ही पैसों को निशाना बनाकर आए थे।

घटना से प्रभावित दुकानदार सुधीर सिंह ने बताया कि उन्होंने दुकानदारी कर लगभग ढाई हजार रुपये जमा किए थे। यह रकम वे अपने बच्चों के लिए स्कूल ड्रेस खरीदने के लिए बचाकर रखे थे, लेकिन चोर उनकी मेहनत की कमाई ले उड़े। वहीं दूसरे दुकानदार प्रमोद तोपनो ने बताया कि उन्हें सबेरे बगल के दुकानदार ने बताया कि उनकी दुकान का आधा शटर खुला है और कई दुकानों में चोरी हुई है जब वे दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर जाकर देखा तो कैश काउंटर से लगभग साढ़े पांच हजार रुपये गायब थे, जबकि बाकी सामान सुरक्षित था।

इसी तरह कुंडू जेरॉक्स नामक दुकान से भी चोर लगभग ढाई हजार रुपये नगद लेकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों और दुकानदारों का कहना है कि कचहरी परिसर में यह कोई पहली चोरी नहीं है। इससे पहले भी कई दुकानों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन हर बार जांच और आश्वासन के बाद मामला ठंडे बस्ते में चला जाता है।

दुकानदारों का आरोप है कि पहले की चोरी की घटनाओं में भी पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। यही वजह है कि चोरों का मनोबल लगातार बढ़ता गया और वे अब संवेदनशील सरकारी परिसरों तक को निशाना बनाने लगे हैं। चौंकाने वाली बात यह भी है कि कचहरी परिसर जैसे संवेदनशील इलाके में अब तक न तो नाइट गार्ड की तैनाती की गई है और न ही उउळश कैमरे लगाए गए हैं। जबकि यहां दिनभर आम लोगों, वकीलों, कर्मचारियों और दुकानदारों की भारी आवाजाही रहती है।

दुकानदारों का कहना है कि अगर पहले हुई चोरी के बाद प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को गंभीरता से लिया होता, तो शायद इस बार चोरों की हिम्मत नहीं होती। गौरतलब है कि हाल ही में झारखंड सरकार ने पुलिस पेट्रोलिंग को मजबूत करने के लिए चार पहिया और दो पहिया वाहनों की संख्या बढ़ाने की बात कही थी। लेकिन इसके बावजूद कचहरी परिसर जैसे महत्वपूर्ण और सुरक्षित माने जाने वाले क्षेत्र में चोरी की घटना होना पुलिस व्यवस्था की जमीनी हकीकत को उजागर करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जिला जेल, कोर्ट परिसर और प्रशासनिक दफ्तरों के आसपास भी चोरी हो रही है, तो आम मोहल्लों और ग्रामीण इलाकों की सुरक्षा का अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। घटना की सूचना मिलते ही खूंटी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दुकानदारों से पूछताछ की। हालांकि समाचार लिखे जाने तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं थी। इधर, लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से स्थानीय दुकानदारों में भय और असुरक्षा का माहौल है।

## डीएवी खूंटी में मुख एवं दंत स्वास्थ्य जांच शिविर, 500 बच्चों की हुई जांच



**संवाददाता**

**खूंटीः** राष्ट्रीय मुख एवं दंत स्वास्थ्य कार्यक्रम 2026 के तहत मंगलवार, 7 अप्रैल 2026 को स्थानीय स्वामी श्रद्धानंद डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, खूंटी में एक दिवसीय मुख एवं दंत स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन सदर अस्पताल खूंटी, दंत चिकित्सा महाविद्यालय, राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची तथा डीएवी खूंटी फिजिकल एंड हेल्थ एजुकेशन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। शिविर का उद्घाटन असैनिक शल्य चिकित्सक खूंटी डॉ. एल. आर. पाठक ने किया। इस अवसर पर जिला दंत चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन एवं दंत स्वास्थ्य वैज्ञानिक श्री अनिरुद्ध सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिविर के दौरान विद्यालय के लगभग 500 बच्चों का मुख एवं दंत स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विशेषज्ञों ने बच्चों को दांतों की सही देखभाल, व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित आहार तथा दंत रोगों से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बच्चों को नियमित रूप से दिन में दो बार ब्रश करने और समय-समय पर दंत जांच कराने की भी सलाह दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. संदीप कुमार (अतिरिक्त प्रोफेसर, दंत महाविद्यालय रिम्स), डॉ. उदयन शर्मा, रिया, पंकज, अभिषेक समेत सभी इंटर्न डॉक्टरों की अहम भूमिका रही। वहीं विद्यालय की ओर से पवन कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह, सुश्री शालिनी सुधा एवं सुश्री खुशी वर्मा ने सक्रिय सहयोग दिया। विद्यालय प्रबंधन ने इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविरों को बच्चों के समग्र शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित करते रहने की बात कही।

## खूंटी में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर रक्तदान शिविर, 30 यूनिट रक्त संग्रह

**खूंटी :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर रक्त केंद्र, सदर अस्पताल खूंटी के तत्वावधान में मातृ एवं शिशु अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. ललित रंजन पाठक ने दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. पाठक ने उपस्थित स्वास्थ्यकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि रक्तदान को महादान की श्रेणी में रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को जरूरत पड़ने पर रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के लिए आगे आना चाहिए। साथ ही विश्व स्वास्थ्य दिवस के मौके पर उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को सेवा भावना और समर्पण के साथ मरीजों की देखभाल करने तथा सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का निर्देश दिया, ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण इसका लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में उपाधीक्षक डॉ. आनंद किशोर




उरांव ने कहा कि रक्त केंद्र द्वारा लगातार रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि थैलेसीमिया पीड़ितों, गर्भवती महिलाओं और दुर्घटनाग्रस्त मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने रक्तदान करने वाले सभी कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं काउंसलर निशांत झा ने बताया कि अप्रैल माह में विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं के सहयोग से और भी रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि रक्त केंद्र में रक्त की कमी न हो और खूंटी के मरीजों को रक्त के लिए बाहर न जाना पड़े। शिविर में शंकर गुड़िया, डॉ. विकास भेंगरा, सुजीत नाग, आशीष कुमार, विवेक कुमार, शेखर नाग और गौतम कुमार समेत अन्य लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान कुल 30 यूनिट रक्त संग्रह किया गया।

शिविर को सफल बनाने में रक्त केंद्र के सुशांत कुमार, विकास कुमार, सुजीत नाग और सुषमा कुजूर समेत अन्य कर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में रक्तदान करने वाले स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना की गई।

### खूंटी में विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## सहिया व स्वास्थ्य कर्मियों को किया गया प्रेरित



**खूंटीः** सिविल सर्जन कार्यालय, खूंटी के सभागार में मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉ. ललित रंजन पाठक ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. ललित रंजन पाठक और डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।


कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ जीवन जीने का अधिकार प्राप्त है। उन्होंने उपस्थित सहिया दीदियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को विश्व स्वास्थ्य दिवस की शुभकामनाएं दीं और डालसा द्वारा संचालित स्वास्थ्य एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विशेष रूप से पीड़ित महिलाओं एवं बच्चों को डालसा की ओर से उपलब्ध निःशुल्क अधिवक्ता और अन्य सुविधाओं का लाभ दिलाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। मौके पर उपस्थित जिला आरसीएच पदाधिकारी डॉ. शोभा किस्पोट्टा ने कहा कि स्वस्थ जीवनशैली के प्रति विशेषकर किशोर-किशोरियों को प्रेरित करने की आवश्यकता है। उन्होंने बाल विवाह और टीनेज प्रेगनेंसी जैसे संवेदनशील मुद्दों पर सहिया को उचित मार्गदर्शन और परामर्श देने का निर्देश दिया। अपने संबोधन में सिविल सर्जन डॉ. ललित रंजन पाठक ने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति हमेशा सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे जननी सुरक्षा कार्यक्रम, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, परिवार नियोजन, टीवी उन्मूलन, एनसीडी तथा मानसिक स्वास्थ्य के प्रति आमजन को अधिक से अधिक जागरूक करने पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही सहिया को जनसंख्या संबंधी डाटा का अवलोकन करने की सलाह दी, ताकि विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक प्रभावी रूप से पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम के बाद डालसा सचिव और सिविल सर्जन द्वारा कार्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया। इसके पश्चात सहिया एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम प्रबंधक कानन वाला तिर्की, जिला डाटा प्रबंधक श्वेता सिंह, जिला लेखा प्रबंधक विकास सिंह, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. उदयन शर्मा, जिला डाटा प्रबंधक (आईडीएसपी) विस्मोहन प्रसाद, ललन कुमार सहित कई स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## रनिया में जंगली हाथियों का उत्पात, आधा दर्जन किसानों की सब्जी फसल बर्बाद

**खूंटी :** जिला के रनिया प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती जंगल से सटे बोगतेल गांव में एक बार फिर जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाया। हाथियों के झुंड ने गांव के कई किसानों के खेतों में लगी प्याज, टमाटर, लौकी, करेला, बोदी सहित अन्य हरी सब्जियों को खाकर और रौंदकर भारी नुकसान पहुंचाया। जानकारी के अनुसार, देर शाम करीब 7 बजे से रात 10 बजे तक जंगली हाथी गांव के आसपास डटे रहे और करीब पांच घंटे तक उत्पात मचाते रहे। इस दौरान हाथियों ने किसान कैलाश सिंह, दिलबर कंडुलना, जॉन सुनील कंडुलना, बीरबल सिंह और लखन सिंह समेत अन्य किसानों के खेतों में लगी सब्जियों को नष्ट कर दिया। अचानक हुई इस घटना से किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया और उनकी परेशानी काफी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों के खेतों में घुसने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग एकजुट हुए और टॉर्च जलाकर, शोर-शराबा कर तथा सामूहिक प्रयास से हाथियों को गांव से खदेड़कर उल्लूग जंगल की ओर भगाया। हालांकि, तब तक किसानों की फसल को काफी नुकसान पहुंच चुका था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पीड़ित किसानों ने वन विभाग से मुआवजे की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में जंगली हाथियों का लगातार गांवों और आबादी वाले इलाकों की ओर आना अब आम बात बनती जा रही है। इससे न केवल किसानों की फसलें बर्बाद हो रही हैं, बल्कि ग्रामीणों में डर और असुरक्षा का माहौल भी बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग से मांग की है कि हाथियों के बढ़ते मूवमेंट पर स्थायी रोकथाम के उपाय किए जाएं, ताकि ग्रामीणों की जान-माल और फसलों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## सिख धर्म के नौवें गुरु को किया गया भावपूर्ण स्मरण



**चतरा।** जिला मुख्यालय के इंदुमती टिबड़ेवाल विद्या मंदिर के विशाल सभागार में मंगलवार को सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी की जयंती हर्ष, उल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य रमेश कुमार सिंह एवं जयंती प्रमुख चंद्रमोहन मिश्रा ने गुरु जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। इस अवसर पर वरीय आचार्य चंद्रमोहन मिश्रा,रामावतार मिश्रा ,प्रभारी अजय रजक ने गुरु तेग बहादुर जी के त्याग, साहस और बलिदानमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने मानवता, धर्म और संस्कृति की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनका जीवन आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। विद्यालय के भैया-बहनों ने भी गुरु जी के जीवन से जुड़े वृतांत प्रस्तुत किए और उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

रक्षा राज्य मंत्री की अध्यक्षता में दिशा कमिटी की बैठक संपन्न

# इंदौर की तर्ज पर क्लीन और ग्रीन रांची बनाया जाएगा : संजय सेठ

संवाददाता



**रांची।** रांची जिला दिशा की बैठक मंगलवार को श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान रांची में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में पूर्व में दिशा की बैठक में जो मुद्दे जनप्रतिनिधियों द्वारा उठाए गए थे, उसकी समीक्षा की गई। रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ द्वारा बैठक में 2026 तक रांची को इंदौर की तर्ज पर क्लीन रांची स्वच्छ रांची के संकल्प को दोहराते हुए सभी जनप्रतिनिधियों, सभी अधिकारी, सभी सामाजिक संगठन, एवं धार्मिक संगठनों, के साथ मिलकर काम करने की बात कही।

गर्मी के पूर्व पानी की समस्याओं के समाधान पर चर्चा करते हुए श्री सेठ ने कहा की शहर में दर्जनों टंकी वर्षों से बनकर तैयार है परंतु टंकी में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जल्द से जल्द इन पानी की टंकी से जलापूर्ति शुरू करें ताकि गर्मी में लोगों को पानी मिल सके।

श्री सेठ ने रांची उपयुक्त को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल से जल योजना जो अधूरी पड़ी है, मजिस्ट्रेट की नियुक्ति कर इसकी जांच कर दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करें। बरसात में रांची शहर के विभिन्न मोहल्ले में जल जमाव की समस्या को देखते हुए, ऐसे मोहल्ले में बरसात के पूर्व जल जमाव की समस्याओं का समाधान का निराकरण करने की बात कही। रांची के विभिन्न वार्डों में नालियां रोड का निर्माण 400 या 500 फिट नहीं करें बल्कि जो भी रोड या नाली का निर्माण हो, वह पूर्ण रूप से पूरा हो ताकि बार-बार की समस्या ना रहे।

केतारी बगान में बना रहे ब्रिज नवंबर तक बनकर तैयार हो जाएगा। 45 करोड़ की लागत से इसका निर्माण कार्य चल रहा है। पावर हाउस के पास दो फ्लाई ओवर का निर्माण होना है। श्री सेठ ने रांची रेलवे के अधिकारियों एवं राज्य सरकार के अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर जल्द इसका निर्माण करने की बात कही ताकि यहां के लोगों की समस्याओं का समाधान हो सके। रांची रेलवे स्टेशन साउथ की तरफ बन रहे रेलवे स्टेशन का जल्द ही उद्घाटन होगा।

सदर अस्पताल में आधार केंद्र खोलने की बात कही गई, जो बच्चे वहां जन्म लेते हैं तुरंत उस बच्चे का आधार कार्ड बन सके।

श्री सेठ ने कहा स्मार्ट मीटर से आम लोग परेशान हैं। बिजली बिल पहले से ज्यादा आ रहे हैं। अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा हर वार्ड में शिविर लगाकर उपभोक्ताओं के समस्याओं का समाधान करें। रांची नगर निगम के साथ रांची के विकास एवं पेयजल की समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों के साथ जल्द ही बैठक होगी।

श्री सेठ ने नगर निगम के प्रशासक को उनके द्वारा किए जा रहे अच्छे कार्य के लिए बधाई दी। श्री सेठ ने कहा नगर निगम के द्वारा इस वर्ष 100 करोड़ की टैक्स वसूली की गई है। पिस्का नगड़ी , नया सराय, फ्लाईओवर का काम अगस्त तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

जल्द ही जयपाल सिंह स्टेडियम में रांची वासी के लिए रात्रि बाजार लगाया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 से 15 साल के बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए मुफ्त में टीकाकरण की शुरूआत की है। श्री सेठ ने सिविल सर्जन से इस अभियान को गांव गांव तक पहुंचाने का निर्देशित किया।

काठी टाड चौक पर जाम की समस्याओं को देखते हुए सिग्नल लाइट लगाने का निर्देश उपायुक्त को दिया।

जीएल चर्च के व्यापारियों को गलत तरीके से फसाने की साजिश की गई थी, रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा निष्पक्ष जांच कर उसे बचाया, इसके लिए श्री सेठ ने प्रशासन को धन्यवाद दिया।

रातू के सीओ की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए श्री सेठ ने रांची के उपायुक्त को जांच कर कार्रवाई करने की बात कही।

सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को रखा। बैठक में झारखंड सरकार के कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ,खूंटी से सांसद काली चरण मुंडा, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, मेयर रोशनी खालखो, विधायक नवीन जायसवाल, विधायक अमित कुमार, डिप्टी मेयर नीरज कुमार सहित सभी अधिकारी सभी सांसद के प्रतिनिधि सभी विभाग के अधिकारी मौके पर मौजूद रहे।

# सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ शुभारंभ

संवाददाता



**रांची।** सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार भवन न्यास मंडल के तत्वाधान में सेठ रामेश्वर लाल पोद्दार स्मृति भवन, चुटिया रांची में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भव्य और आध्यात्मिक वातावरण में शुभारंभ हुआ। इस पावन अवसर पर नासिक की सुप्रसिद्ध कथा व्यास मां चैतन्य मीरा ने कथा का रसपान कराया।

कार्यक्रम का उद्घाटन प्रथम दिन सुबह 9 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर भक्ति भाव से नृत्य करते हुए कथा स्थल तक यात्रा की। मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा और अल्पाहार के माध्यम से कलश यात्रियों का स्वागत किया गया।

कथा स्थल पर संस्था के अध्यक्ष और मुख्य यजमान द्वारा विधिवत व्यासपीठ पूजन संपन्न हुआ। मां चैतन्य मीरा जी ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसका नियमित श्रवण जीवन को सकारात्मक दिशा प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि यह कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक है, जो प्रेम, सामंजस्य और आध्यात्मिक उन्नति की ओर प्रेरित करता है।

कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कथा श्रवण के साथ भजन-कीर्तन और हरिनाम संकीर्तन का आनंद लिया। भक्ति संगीत और संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

इस अवसर पर योगदा सत्संग के स्वामी श्री सत्संग आनंद, पूर्व सांसद महेश पोद्दार, पूर्व उपमेयर संजीव विजय वर्गीय, अनूप दधीचि सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित थे। सभी अतिथियों का गुरु मां द्वारा अंगवस्त्र ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। मुख्य यजमान रघुनंदन टिबड़ेवाल ने अपने परिवार के साथ विधिवत भागवत पूजन एवं आरती संपन्न की। आयोजन समिति द्वारा सुव्यवस्थित व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हुई।

सात दिवसीय इस श्रीमद् भागवत कथा के माध्यम से रांची में भक्ति, ज्ञान और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है। इस अवसर पर फतेह चंद्र अग्रवाल, राधेश्याम अग्रवाल, कमल कुमार अग्रवाल, रेखा अग्रवाल, अनु पोद्दार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



## सेवा सदन में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**रांची।** नारगमल मोदी सेवा सदन में मंगलवार को ह्लविश्व स्वास्थ्य दिवसह्व के मौके पर ह्लनिशुल्क स्वास्थ शिविरह्व सुबह 10 बजे से 2 बजे तक लगाया गया। शिविर में पीएसए, पीएफटी, बीएमडी सहित आठ प्रकार की जांचें सदन में निशुल्क किया गया और 203 से अधिक लोगों ने इसका लाभ उठाया। निशुल्क स्वास्थ शिविर का शुभारम्भ सदन के मानद सचिव आशीष मोदी, पूर्व अध्यक्ष आरके सरावगी, एमएस डॉ सुनील रूंगटा एवं इस शिविर के परियोजना अध्यक्ष आलोक तुलस्यान द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर वरूण जालान, डॉ अंजु कुमार, डॉ क्षमा टिबड़ेवाल एवं डॉ सिद्धांत जैन उपस्थित रहे। परियोजना अध्यक्ष आलोक तुलस्यान ने डॉ. अरविंद अग्रवाल, डॉ जय पलक एवं विभिन्न दवा कंपनियों के सदस्यों को उनके सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया। शिविर को सफल बनाने में उपाध्यक्ष रेखा जैन द्वारा बहुमूल्य सहयोग के लिए विशेष धन्यवाद दिया। सदन में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रतिबद्धता एक सतत प्रकिया है।

## आजसू प्रतिनिधिमंडल जेएसओयू के कुलपति से मिला

**रांची।** आजसू का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को झारखंड राज्य खुला विश्वविद्यालय (जेएसओयू) के नव नियुक्त कुलपति प्रो अभय कुमार सिंह से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नए पदभार ग्रहण करने पर शुभकामनाएं और बधाई दी। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने छात्रहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर कुलपति को महत्वपूर्ण ज्ञापन भी सौंपा गया। ज्ञापन में विश्वविद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं, लंबित मामलों बाँर पूर्व में उठे जांच संबंधी विषयों पर त्वरित, निष्पक्ष और पारदर्शी कार्रवाई की मांग की गई। आजसू के अजीत कुमार ने कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि अगर छात्रहित से जुड़े मुद्दों पर शीघ्र ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आजसू चरणबद्ध आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रांची:** रांची जिले के नामकुम थाना क्षेत्र स्थित मौलाना आजाद कॉलोनी में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मृतक की पहचान तबरेज के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, परिवार वालों ने युवक को फांसी के फंदे पर लटका हुआ पाया। इसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि तबरेज हर वक्त नशे में रहता था। ऐसे में, आशंका जताई जा रही है कि नशे में धुत्त होने के कारण उसने खौफनाक कदम उठा लिया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। सूचना पाकर पुलिस मौलाना आजाद कॉलोनी पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुटी हुई है।

युवक ने आत्महत्या क्यों की है, इसका पता अभी नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

## मरहबा ह्यूमन सोसाइटी का हज ट्रेनिंग कैंप 11 को

**रांची :** 11 अप्रैल को साढ़े दस बजे से कर्बला चौक हव्वारी मस्जिद के पास सफायर हाइट्स में मरहबा ह्यूमन सोसाइटी के जानिब से हज पर जाने वाले आजमीने हज के लिए हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया है जिसमें झारखंड के मशहूर हज ट्रेनर हाजी कैसर आलम आजमीने हज को हज की ट्रेनिंग देंगे । इस ट्रेनिंग कैंप में आजमीने हज को हज के तमाम अरकान की पूरी जानकारी दी जाएगी जिससे आजमीने हज हज के पांच दिनों के अरकान के साथ साथ मदीना मुनव्वरा की फजीलत का तफसील से बयान किया जाएगा।मरहबा ह्यूमन सोसाइटी तमाम आजमीने हज जो इस साल हज के पाक सफर में जाने वाले हैं आजमीने से ट्रेनिंग कैंप में वक्त से आने की गुजारिश करती है,इस ट्रेनिंग कैंप में औरतों का अलग से इंतेजाम किया गया है।

## पंजाबी हिंदू बिरादरी 12 को मनाएगा वैशाखी पर्व

**रांची।** पंजाबी हिंदू बिरादरी धूमधाम से वैशाखी पर्व मनाएगा। कार्यक्रम 12 अप्रैल को रांची क्लब के सेलिब्रेशन हॉल में आयोजित किया गया है, जिसमें कोलकाता के सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भांगड़ा-गिद्दा के झूमने/नाचने को मजबूर करने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। संध्या 6 बजे से प्रारंभ कार्यक्रम के पश्चात लजीज भोजन की भी व्यवस्था है। यह जानकारी देते हुए बिरादरी अध्यक्ष सुधीर उग्गल, राजेश मेहरा एवं चेयरमैन राकेश गिरधर ने बताया कि इस वर्ष कार्यक्रम में बिरादरी के सदस्यों की सहभागिता और भी सक्रिय करने के लिए सदस्यों को निशुल्क स्टॉल दिए जाएंगे ताकि वे उत्पादों का निशुल्क प्रचार-प्रसार कर सकें। बिरादरी के सदस्य इसकी विस्तृत जानकारी राहुल माकन और हैप्पी किंगर से प्राप्त कर सकते हैं।

## आर्मी स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**रांची :** विश्व कला दिवस के शुभ अवसर पर आर्मी पब्लिक स्कूल, रांची में एक रंगारंग पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का विषय ह्लसुंदर रांचीह्व रखा गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी कल्पनाशक्ति और कलात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने रांची की प्राकृतिक सुंदरता, हरियाली, जलप्रपात और सांस्कृतिक विरासत को अपनी चित्रकला के माध्यम से जीवंत रूप दिया। इस आयोजन के सफल संचालन में विद्यालय के कला शिक्षक मोहम्मद साबिर हुसैन का विशेष योगदान रहा, जिन्होंने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं प्रोत्साहन प्रदान किया।

विद्यालय के प्राचार्य अभय कुमार सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और कला के प्रति रुचि को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रयासों के लिए बधाई दी।

## रांची में हज यात्रियों के लिए ट्रेनिंग कैंप 11 अप्रैल को

गुलाम शाहिद

**रांची :** मरहबा ह्यूमन सोसाइटी की ओर से हज पर जाने वाले आजमीन-ए-हज के लिए एक विशेष ट्रेनिंग कैंप का आयोजन शनिवार, 11 अप्रैल 2026 को सुबह 10:30 बजे से कर्बला चौक स्थित हव्वारी मस्जिद के पास सफायर हाइट्स में किया जाएगा। इस ट्रेनिंग कैंप में झारखंड के मशहूर हज ट्रेनर हाजी कैसर आलम आजमीन-ए-हज को हज से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी और प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। कैंप के दौरान हज के तमाम अरकान (अनुष्ठान) की विस्तार से जानकारी दी जाएगी, ताकि हज यात्रियों को पांच दिनों के प्रमुख अरकान को सही तरीके से अदा करने में कोई परेशानी न हो। इसके अलावा मदीना मुनव्वरा की फजीलत और वहां की इबादतों के महत्व पर भी विस्तृत रूप से प्रकाश डाला जाएगा। मरहबा ह्यूमन सोसाइटी ने इस वर्ष हज के पाक सफर पर जाने वाले सभी आजमीन-ए-हज से अपील की है कि वे समय पर पहुंचकर इस ट्रेनिंग कैंप का लाभ उठाएं। कैंप में महिलाओं के लिए अलग से विशेष व्यवस्था की गई है।

यह जानकारी सोसाइटी के सचिव नेहाल अहमद द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई।

## समर्पण शाखा ने दिव्यांग खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा द्वारा सत्र (2026-2027) की नवनिर्वाचित अध्यक्ष शुभा अग्रवाल के नेतृत्व में विकास और शांति के लिए अंतरराष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर , मोरहाबादी स्थित बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम में उभरते हुए युवा दिव्यांग खिलाड़ियों का सम्मान कर उनका प्रोत्साहन बढ़ाया गया। शाखा की ओर से अंगवस्त्र और उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित किया गया। शांति के प्रतीक के रूप में सफेद कार्ड के साथ फोटो खिंचवाकर शांति का संदेश दिया गया। इस कार्यक्रम को उत्साहपूर्वक सफलतापूर्वक आयोजित किया गया और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम में सभी सदस्यों की सक्रिय भागीदारी ने इसे एक यादगार और सफल आयोजन बना दिया। कार्यक्रम में अध्यक्ष शुभा अग्रवाल, शाखा सचिव रेखा राईका, कार्यक्रम संयोजिका मोनिका गोयनका, सोनम अग्रवाल, वेदिका सिंघानिया, शायरी अग्रवाल, शिल्पा लोहिया एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहीं। उपर्युक्त जानकारी शाखा मीडिया प्रभारी वेदिका सिंघानिया ने दिया।

# महावीर मंडल केन्द्रीय समिति चुटिया ने किया सम्मान समारोह



**रांची।** धर्म, संस्कृति और वीरता के संगम के साथ महावीर मंडल, चुटिया द्वारा एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों के संचालकों, स्वागतकताओं और अस्त्र-शस्त्र संचालन मंडलियों को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और सांस्कृतिक योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

वीरता और परंपरा का सम्मानः रांची महावीर मंडल के चुन्नू मिश्रा, राजीव रंजन मिश्रा, विजय साहू बीरेंद्र साहू, राकेश सिंह, सुभाष साहू, जय साहू, मनपुरन नायक और विजय तिर्की,अमित गुप्ता,ज्ञानी महतो,पंकज मुण्डा ,सुमन साहु,विजय कुमार, दिपेश पाठक ,मक्खन पाठन ,शिवम सिंह का स्वागत चुनरी, तलवार और स्मृति चिह्न (मोमेंटो) भेंट कर सम्मानित किया। सम्मानित मंडलियांः मुख्य रूप से श्री महावीर मंडल (पुनदाग, बड़गाई, चर्च रोड, इंदिरा गांधी चौक, अमरावती कॉलोनी और बड़ा तालाब) शिव मंदिर काली मंदिर ट्रस्ट, महावीर मंडल कल्याण समिति पुरानी रांची, महावीर मंडल हिनू , महावीर मंडल थड़पकना, के सदस्यों को उनके विशेष योगदान के लिए सराहा गया।

महिला सशक्तिकरण पर जोरः समारोह में महिलाओं की भागीदारी को विशेष रूप से रेखांकित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि धार्मिक और सामाजिक कार्यों में महिलाओं की सक्रियता समाज को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान कर रही है।

धार्मिक अनुष्ठान और भंडाराः सम्मान समारोह के उपरांत प्राचीन श्री राम मंदिर में हनुमान जी का छठी महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें शहर के विभिन्न मंदिरों के पुजारियों, महंतों, साधु-संतों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा हमारी परंपरा और अस्त्र-शस्त्र की कला हमारी सांस्कृतिक विरासत है। इसे जीवित रखने वाले संचालकों और युवाओं का सम्मान करना मंडल के लिए गर्व की बात है। यह आयोजन न केवल वीरता का उत्सव है, बल्कि समाज की एकता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है।

इस भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित होने वाली महिलाओं में महावीर मंडल की अध्यक्ष श्रीमती ललिता ओझा, ललिता महतो, पूजा सिंह, ममता देवी, पुष्पा महली, अनीता महली, आशा देवी और बिना सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

इस आयोजन को सफल बनाने में कैलाश केसरी, रवि सिंह, कृष्णा सहाय, संदीप केसरी, रमेश कुमार, सुजीत शर्मा रुपेश केसरी, विक्रम साहू, संजीव महतो, राजेश पासवान,धनजु नायक, शिवम केशरी ,धंजु नायक, ,किशोर नायक, सुनील सहाय, रिकी रजक, अनीश साहू ने योगदान दिया।


**झारखण्ड सरकार**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,गोंदा,राँची**

अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –74/2025–26

PR No-374628 Drinking water and sanitation (25-26)_D

द्वितीय आमंत्रण

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | :– | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची। |
| 2. | विज्ञापनदाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 3. | परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एवं समय | :– | 13.04.2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | :– | 15.04.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक। |
| 5. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | 15.04.2026 को अपराह्न 3.30 बजे । |
| 6. | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :– | 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची। |
| 7. | निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान– | :– | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची। |
| 8. | कार्यों की विवरणी | :– | |

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Day to day operation of Pump Motor and its allied work at Hospital Building, Old Truma Centre, New Truma Centre Building (Central Emergency Building), Paying Ward, RIMS, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. For the year 2026-27. | 1935085.00 | 39000.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 2. | Day to day operation of Pump Motor and its allied work at Super Speciality Hospital, Oncology Block, Dental College, Collage Building & Adminstrative Building, RIMS, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. For the year 2026-27. | 1935085.00 | 39000.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 3. | Day to day operation of Pump Motor and its allied work at All Boy's Hostel, All Girl's Hostel & All Nurses Hostel, RIMS, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. For the year 2026-27. | 1935085.00 | 39000.00 | 5000.00 | 12 Months |
| 4. | Day to day repair and replcement of plumbing fixtures and its allied work at Hospital Building 'A' and 'B' Block and Kitchen, RIMS, Ranchi under D. W. & S. Division, Gonda, Ranchi. For the year 2026-27. | 1514342.00 | 31000.00 | 5000.00 | 12 Months |

नियम एवं शर्तें सूचनापट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची

PR 376860 Drinking Water and Sanitation(26-27).D

## सुविचार

**सबसे मुश्किल रास्ता वह होता है जब आपको अकेले चलना पड़ता है, लेकिन वही रास्ता आपको मजबूत भी बनाता है।**

## योग परम स्वास्थ्य

अनुशासनविहीन जीवन में स्वस्ति और लोकमंगल नहीं होते। प्रकृति स्वयं अनुशासन में गतिशील है। मनुष्य के लिए इसी अनुशासन का पालन उपयोगी दिनचर्या है। इसका सम्बंध स्वस्थ मन से है। स्वस्थ बुद्धि से है और निर्मल आत्मा से भी है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मस्त व्यक्तित्व के धनी हैं। उच्च कोटि के संसद विज्ञ, 5 बार के सांसद व दूसरी बार मुख्यमंत्री हैं। व्यवहार में अनुशासित अखिल भारतीय स्तर पर चर्चित जनप्रिय राजनेता हैं। योगी हैं। सो, अनुशासन में रहते हैं। और अपने परिचितों से भी अनुशासित रहने की अपेक्षा करते हैं। वे हमारे प्रति शुभेक्षु हैं। हमलोग भिन्न-भिन्न विषयों पर चर्चा करते रहे हैं। वे योग विज्ञानी भी हैं। योग का हमारा ज्ञान किताबी है, लेकिन उनका ज्ञान अनुभव अनुभूति और व्यवहारिक जीवन से भरा पूरा है।

चार दिन पहले आकाशवाणी का 89वाँ स्थापना वर्ष मनाया गया था। उसमें पद्म पुरस्कार प्राप्त लोगों को सम्मानित किया गया था। आकाशवाणी के वरिष्ठ महानुभाव भी सम्मानित किए गए थे। पद्मश्री में मेरा भी नाम था। योगी जी ने उस कार्यक्रम में मेरी दिनचर्या पर चर्चा की। उन्होंने कुछ पुरानी बातें खोलीं और याद कराया कि हमारी दिनचर्या अनुशासित नहीं थी। उन्होंने मुझे याद कराया की देर रात तक जागना स्वास्थ्य के लिए उचित नहीं होता। मैंने उनसे बताया कि दिनभर राजनीतिक कारणों से व्यस्तता रहती है और रात में लिखने-पढ़ने का समय मिलता है। उन्होंने हंसते हुए कहा था कि यही दिनचर्या उलट दी जाए और सुबह जल्दी उठा जाए और रात्रि में जल्दी सोया जाए। इन्हीं पुरानी बातों को उन्होंने आकाशवाणी के कार्यक्रम में फिर से दोहराया।

दिनचर्या व्यक्तित्व का आधार है। दिनचर्या का अनुशासन प्रायः हमारा निर्णय होता है। इसमें थोड़ी-सी चूक भी क्षतिकारी होती है। दिनचर्या पर देशकाल का भी प्रभाव पड़ता है। ठंडी जलवायु वाले देशों में शरीर के ताप को विशेष स्तर पर बनाए रखने की आवश्यकता होती है। ऐसे देशों में अधिक ऊष्मा देने वाली दिनचर्या चलती है। आदर्श दिनचर्या पर प्राचीन भारत में अच्छा और परिश्रम हुआ है। अच्छी दिनचर्या में अच्छी नींद, अच्छा जागरण और अच्छे आहार की आवश्यकता होती है। उसे कालखंड में अन्न की विशेष महत्ता पर जोर दिया गया है। अन्य भौतिक पदार्थ है। प्राचीन अनुभूति में वह दिव्य है। तैत्तरीय उपनिषद के एक सुंदर मंत्र में कहते हैं, ह्वयह व्रत संकल्प है कि अन्न की निंदा न करें। अन्न ही प्राण है। प्राण ही अन्न है। शरीर भी अन्न है। शरीर और प्राण का अंतरसंबंध है। अन्न ही अन्न में प्रतिष्ठित है। जो यह जान लेता है उसकी दिनचर्या आदर्श हो जाती है। उपनिषद में कहते हैं कि, ह्वआहार का अर्थ अन्न है ह्व आहार साधारण खाद्य वस्तु नहीं है।

आहार का सम्बंध अनुशासित दिनचर्या से भी है। व्यापक अर्थों में अनुशासित दिनचर्या के पांच द्वार हैं। देखना भी एक आहार है। देखे गए दृश्य चित्र को प्रसन्न या अप्रसन्न करते हैं। सुंदर दर्शन में मन प्रसन्न होता है। अभद्र दर्शन में मन अप्रसन्न होता है। इसलिए देखने में भी संयम की आवश्यकता है। पढ़ना भी एक आहार है। अनुशासित दिनचर्या वाला ज्ञानवर्धक अध्ययन मन स्वस्थ रखता है। निराश करने वाली सूचनाएं कष्ट पहुंचाती हैं। इस समय आधी दुनिया युद्ध में है। समाचार माध्यमों में धुआं ही धुआं है। बारूदी वातावरण है। यह निराश करता है। गंध भी आहार है। किसी बाग या उपवन में गंधमादन हवा आती है। चित्त गंधमादन हो जाता है।

ज्ञानवर्धन सुना या रुचिपूर्ण सुनना, गीत सुनना काव्य सुनना, नदी के पास खड़े होकर नाद सुनना आनंददायक है। दुनिया का सारा ज्ञान देखने और सुनने से प्रकट हुआ है। वैदिक साहित्य सुना हुआ है। स्पर्श भी आहार है। किसी प्रियजन का स्पर्श आनंददाई है। दृश्य, श्रव्य, नाक, स्पर्श और रसना 5 द्वार हैं। इनसे हम कुछ न कुछ लिया करते हैं। जीवनचर्या के अनुशासन में इन पांचों द्वारों की भूमिका है।

भारतीय ज्ञान परंपरा में 10 दिशाएं हैं। काल गणना भी है। वासना भी जन्म और जीवन के साथ आई है। वासना का अनुशासन प्रार्थना है। जीवन ऊर्जा का अधोगामी प्रवाह वासना है। वासना भी एक दिशा है लेकिन इसका कार्यव्यवहार दुखदायी है। लोकमंगल के विपरीत भी है। जीवन ऊर्जा की दूसरी दिशा प्रार्थना है। वासना और प्रार्थना दोनों में ही हमारी चेतन ऊर्जा ही मुख्य कारक है। दोनों में स्वयं के प्रति आस्तिकता है। लेकिन प्रार्थना में प्रार्थना के प्रति गजब का विश्वास है। ऋग्वेद में प्रार्थना है-हे देवो! हमारा मन शुभ करो। यजुर्वेद में प्रार्थना है-तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु-हमारे मन को कल्याणकारी संकल्प से भरो। विरोधाभास ध्यान देने योग्य है। मन हमारा है, इसे शुभ या शिव बनाने की प्रार्थना हम दूसरे से क्यों करते हैं? प्रार्थना का अन्तर्भूत तत्त्व ऐसा नहीं है। कोई देवता प्रार्थना सुनकर हमारा मन ठीक करे या न करे लेकिन चित्त से उगी प्रार्थना हमारे चित्त के अणु-परमाणु को शिव तत्त्व से भर देती है।

मैंने हजारों निबन्ध लिखे हैं। कोई पूछे कि इन सबका आधारभूत तत्त्व क्या है? मैं उत्तर देता हूँ कि हमारा लेखन, भाषण और समूचा राजनैतिक कार्य व्यवहार प्रार्थना ही है। सिर्फ प्रार्थना ही। प्रार्थना है कि हिंसा से भरे स्वजन संवेदनशील हों।

पतंजलि का योग ह्यचित्तवृत्ति निरोधह्ण है। श्रीकृष्ण का योग ह्यमनोनिग्रहह्ण है। दोनों का मन्तव्य एक है। श्रीकृष्ण ह्यअभ्यास और वैराग्यह्ण का मन्त्र देते हैं। पतंजलि की भाषा भी वही है ह्वअभ्यास वैराग्याभ्यां तन्निरोधः-अभ्यास और वैराग्य से इन वृत्तियों का नियंत्रण संभव है ह्ल (पतंजलियोगसूत्र 1.12) वे आगे अभ्यास की परिभाषा बताते हैं ह्वइन दो (अभ्यास, वैराग्य) में अभ्यास स्वयं में दृढ़ता से प्रतिष्ठित होने का प्रयास है-तत्रस्थितौ यत्नो अभ्यासः ह्ल (वही 13) अभ्यास का संकल्प महत्वपूर्ण है। अभ्यास स्वयं के प्रति सजग चेष्टा है, वैराग्य इच्छा शून्यता है।

अभ्यास और वैराग्य चित्त को संयत करते हैं। योगासन और ध्यान इसी के उपकरण हैं। व्यक्तित्व की पूरी ऊर्जा को एकाग्र करने का नाम अभ्यास है। फिर वैराग्य बताते हैं, ह्वऐन्द्रिक सुखों की तृष्णा में सजग प्रयास से भोग आसक्ति के प्रति वितृष्णा वैराग्य की प्रथम अवस्था है, पुरूष के अंतरतम का बोध होने पर सभी इच्छाओं का विलीनीकरण वैराग्य की पूर्णता है ह्ल (वही 15 व 16) श्रीकृष्ण ने कहा, ह्वअसंयत के लिये योग कठिन है, लेकिन संयत व्यक्ति संकल्पबद्ध होकर योगलब्ध हो जाता है ह्ल (गीता 6.36)

पतंजलि योग सूत्रच में दर्शन के आत्मिक अनुभव में मन की चंचलता बाधा है। बाधाएं और भी हैं। पतंजलि ने योग सूत्र (30) में बताया है कि ह्लरोग, प्राणहीनता, संशय, प्रमाद, आलस्य, आसक्ति, भ्रान्ति और अस्थिरता बाधाएं हैं। दुख, निराशा, कपकपी और अनियमित श्वसन लक्षण हैं ह्व यहां ह्यरोगह्ण ध्यान देने योग्य हैं। पतंजलि वैद्य या चिकित्सक नहीं थे। चरक संहिता आयुर्विज्ञान का प्रख्यात ग्रंथ है। बताते हैं-ह्लबिना रोग का होना सुख है और रोग दुख है ह्व आगे स्वास्थ्य के बारे कहते हैं ह्लजब मन और बुद्धि का समान योग रहता है तब मनुष्य स्वस्थ रहता है जब इनका अतियोग, अयोग और मिथ्या योग होता है तब रोग ह्व

रोग मन और बुद्धि के अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग के परिणामी है। योग परम स्वास्थ्य है। प्राण और शरीर का योग जीवन है। प्राण का कम होना जीवनी शक्ति का घटना है। आलस्य प्राण शक्ति घटाता है, आसक्ति बढ़ाता है।

पतंजलि ने मनुष्य का रहस्यपूर्ण विवेचन किया है। शरीर, मन, बुद्धि और आत्म से स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। आनंदित व्यक्ति सृजन करता है और तनावग्रस्त व्यक्ति ध्वंस। योग तनावग्रस्त विश्वमानवता को भारत का प्रशांत उपहार है। लेकिन योग का विज्ञान पढ़ने से ही समझ में नहीं आता। यह पठनीय कम करणीय ज्यादा है। लेकिन हमारी लत है कि पठन पाठन ही ज्यादा है, करणीय कम।

# उच्च शिक्षा और अनुसंधान की चुनौतियां

> क्षा संचालन व्यवस्था ही संतोषजनक है।शिक्षा में हमने इतने तरह के स्तरीकरण कर रखे हैं कि भारतीय शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन कठिन है। आज कई तरह के निजी, केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित, राज्य शासन द्वारा संचालित, अर्ध सरकारी, डीम्ड आदि अनेक किस्म के एक हजार से अधिक विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा के अनेक संस्थान और हजारों महाविद्यालयों का विशाल संजाल तो खड़ा है परंतु अध्यापकों और शिक्षा के लिए जरूरी संसाधनों का अधिकांश शिक्षा केंद्रों पर घोर अभाव है।

**गिरीश्वर मिश्र**

आज विकसित और प्रगतिशील देशों में शोध पर बड़ा बल दिया जाता है। वहाँ शिक्षा और शोध पर काफी खर्च होता है और शोध गुणवत्ता की कसौटी पर खरा उतरता है। ज्ञान, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में उन देशों की वैश्विक पहचान है। पड़ोसी देश चीन की शोध में प्रगति आशातीत रूप से उल्लेखनीय है जहाँ आज अनेक विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय हैं। भारतीय संदर्भ में शोध की स्थिति आज दयनीय हो रही है हालांकि यहाँ तक्षशिला और नालंदा जैसे विश्वस्तरीय विश्वविद्यालय तब थे जब अन्यत्र इसकी कल्पना भी नहीं थी। आज हम शिक्षा और शोध में पिछड़ गए हैं। न बजट में प्रावधान है और न शिक्षा संचालन व्यवस्था ही संतोषजनक है।

शिक्षा में हमने इतने तरह के स्तरीकरण कर रखे हैं कि भारतीय शिक्षा की गुणवत्ता का आकलन कठिन है। आज कई तरह के निजी, केंद्रीय सरकार द्वारा संचालित, राज्य शासन द्वारा संचालित, अर्ध सरकारी, डीम्ड आदि अनेक किस्म के एक हजार से अधिक विश्वविद्यालय, उच्च शिक्षा के अनेक संस्थान और हजारों महाविद्यालयों का विशाल संजाल तो खड़ा है परंतु अध्यापकों और शिक्षा के लिए जरूरी संसाधनों का अधिकांश शिक्षा केंद्रों पर घोर अभाव है। सरकारी संस्थाओं की स्थिति यदि व्यवस्थागत पेचीदगी का शिकार होकर असंतोषजनक है तो निरंकुश निजी शिक्षा संस्थान व्यापार के तर्ज पर भारी शुल्क उगाही कर मुनाफा कमा रहे हैं।

शोध की दृष्टि से विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विषय कई अर्थों में सार्वभौमिक होते हैं। उनके सिद्धांत बहुत हद तक ऐसी सामग्री से जुड़े होते हैं जो स्थिर होती हैं और उनको लेकर सामान्यीकरण की अधिक संभावना होती है। उनका ज्ञान बहुत हद तक संचयी प्रकृति का भी होता है। ज्ञान पाने वाला और ज्ञान की वस्तु में स्पष्ट भेद होता है- वैज्ञानिक चेतन प्राणी है और पदार्थों की दुनिया उससे भिन्न होती है। प्राकृतिक विज्ञानों के ज्ञान को पृथ्वी पर हर कहीं एक ही कसौटी पर मापा, जांचा और परखा जा सकता है (अन्तरिक्ष और दूसरे ग्रहों की बात जरूर भिन्न है )। दूसरी तरफ मानविकी और समाज विज्ञान का स्वभाव भिन्न है। इनके विषय समाज, संस्कृति, परंपरा, आदर्श और मूल्य जैसे मानवीय सरोकारों से घनिष्ठ रूप से जुड़े होते हैं और उनमें अध्येता और विषयवस्तु दोनों मनुष्य होते हैं।

पश्चिम में समाज विज्ञानों के पुरोधाओं ने प्राकृतिक विज्ञानों के तर्ज पर विज्ञान की ही विधि को अपने विषय में लागू किया । विज्ञान कहलाने के लोभ में मानव व्यवहार और मानव समाज को ह्यवस्तुह्ण मान कर अध्ययन शुरू हुआ। यद्यपि सामाजिक विज्ञान परिस्थिति सापेक्ष्य ज्ञान ही दे पाते हैं और अध्ययन विषय भी देश काल के साथ बदलता रहता है। इसलिए अब गुणात्मक, आख्यानपरक और निर्वाचन की पद्धतियों की ओर झुकाव बढ़ रहा है। फिर भी व्यापकि स्वीकृति इंद्रियानुभविक विधि, मापन और सांख्यिकी के विश्लेषण की है। इनकी सहायता से एक सुगम परिपाटी चल पड़ी। अब विधि की जरूरतों को पूरा कर पीएचडी की उपाधि त्वरित गति से अर्जित होने लगी। शोध सिर्फ.शोध के लिए किया जाने लगा न कि ज्ञान वृद्धि या किसी समस्या के समाधान के लिए। मानविकी में शोध अधिकाधिक वर्णनात्मक होते गए और उसे भी कुछ ढर्रों पर चला दिया गया। शोध की मौलिकता, देशज ज्ञान से रिश्ता, सांस्कृतिक संदर्भ से जुड़ाव और उपयोगिता के सरोकार लगातार उपेक्षित होते गए।

भारत की देशज ज्ञान परंपरा विशाल है और उसमें शोध और अनुसंधान की व्यवस्था है। न्याय-शास्त्र ह्यप्रमाणह्ण यानी अध्ययन विधि की ही चिंता करता है।

हमारे विश्वविद्यालयों में शोध का आरम्भ औपनिवेशिक भारत में अंग्रेजों द्वारा किया गया। यूरोप और अमेरिका के सिद्धांतों, विचारों और विधियों का प्रभुत्व ऐसा रहा कि भारतीय विश्वविद्यालयों में समाज विज्ञान के विभिन्न विषयों में विदेशी ज्ञान का वर्चस्व हो गया। आज भी अधिकांश विषयों की पाठ्य पुस्तकें और ज्ञान की सामग्री उसी तरह की है। भारतीय समाज उतना ही प्रासंगिक होता है जितना आंकड़ों को पाने के लिए जरूरी है। ऐसा ज्ञान न पश्चिमी देशों के काम का होता है न अपने देश के। ऐसे में दुहराव तथा पिश्टपेषण का बोलबाला हो रहा है। इस बात के पर्याप्त संकेत हैं कि भारतीय शोध कार्यों की गुणवत्ता अंतरराष्ट्रीय स्तर की तुलना में कमतर है। इन शोध कार्यों की उपयोगिता, प्रमाणिकता और ज्ञान में योगदान बड़ा ही सीमित है। इसलिए प्राध्यापक वर्ग, नीतिनिर्धारकों और शोध के उपभोक्ताओं की चिंता जायज है।

जनसंख्या बढ़ने के साथ शिक्षा संस्थानों की संख्या तो जरूर बढ़ी है परंतु उनकी गुणवत्ता में गिरावट चिंता का कारण है। संस्थानों की कार्य-संस्कृति पर राजनीति हावी है। शिक्षा केंद्र में अकादमिक कार्य, वैचारिक प्रयास और सृजनशीलता की जगह उत्सवप्रियता का अतिरेक है जिससे क्षणिक उत्तेजना और संतुष्टि तो मिलती है परंतु अध्ययन-अध्यापन हाशिये पर चला जा रहा है। शिक्षा संस्थानों की स्वायत्तता और विचार-विमर्श के वातावरण से विवेकवान समालोचक की दृष्टि लुप्त हो रही है। वार्ता, वाद-विवाद और शास्त्रार्थ की जगह अनुकीर्तन से ज्ञान में वृद्धि की आशा व्यर्थ है।तमाम दबावों के बीच हमारे विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षा संस्थानों से निकलने वाले शोध की मान्यताओं और प्रतिष्ठा के साथ पूरी तरह न्याय नहीं कर पा रहे हैं। शोधार्थियों की संख्या में अप्रत्याशित वृद्धि हो रही है पर उसी के साथ शोध से जुड़े नैतिक प्रश्न उलझते जा रहे हैं। साहित्य चोरी (प्लैग्रिज्म) की घटनाएँ बढ़ रही हैं, शोध निदेशकों द्वारा शोषण की घटनाएँ भी हो रही हैं। व्यवस्था की कमजोरी के चलते शोध कार्य में पारदर्शिता में घट रही है। शोध कार्य एक कृत्य (रिचुअल) का रूप लेता जा रहा है जिसमें कोल्हू के बैल की तरह बँधी-बंधाई लीक पर चलना ही शोध की पद्धति बनती जा रही है। जिज्ञासा, प्रश्नाकुलता और कल्पनाशीलता पिछड़ रही है। इसका कारण संसाधनों और सुविधाओं का अकाल तो है पर उसका समुचित वितरण न होना भी क्षोभ का कारण बन रहा है।

यह भी एक बिडंबना है कि जिस भारत में ज्ञान को पवित्र और क्लेशों से मुक्ति दिलाने वाला कहा गया वहाँ आईआईटी जैसे उच्च संस्थानों में मानसिक रुग्णता और आत्महत्या के मामले बढ़ रहे हैं। अनुशासित जिज्ञासा से शोध का आरंभ होता है और ज्ञान के संधान के साथ यह यात्रा आगे बढ़ती है। कहा गया है- विद्या से विनय और विनय से पात्रता, फिर पात्रता से समृद्धि और तब सुख मिलता है। आज इस सूत्र को फिर से दुहराने और अपनाने की जरूरत है।

**(लेखक, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा के पूर्व कुलपति हैं।)**

# बंगाल की अस्मिता को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाना चाहती हैं ममता

> पहले के चुनावों में हिंसा का तांडव देखने को मिला था, जहां दंगाइयों को खुला संरक्षण मिला। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। कानून की सख्ती ने उपद्रवियों की हिम्मत तोड़ दी है। अर्धसैनिक बलों के जवान हर कोने में मुस्तैद हैं, जो किसी भी तरह की गुंडागर्दी को कुचलने को तैयार हैं।

**अजय कुमार**

पश्चिम बंगाल की चुनावी जमीन पर तनाव भरा माहौल छाया हुआ है। सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के नेतृत्व वाली ममता बनर्जी अपनी कुर्सी बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही हैं, जबकि भारतीय जनता पार्टी सत्ता हासिल करने के सपने बुन रही है। इस बार की लड़ाई 2021 वाली जंग से बिल्कुल अलग नजर आ रही है। पहले के चुनावों में हिंसा का तांडव देखने को मिला था, जहां दंगाइयों को खुला संरक्षण मिला। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं। कानून की सख्ती ने उपद्रवियों की हिम्मत तोड़ दी है। अर्धसैनिक बलों के जवान हर कोने में मुस्तैद हैं, जो किसी भी तरह की गुंडागर्दी को कुचलने को तैयार हैं। चुनाव आयोग ने शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए हैं। इन बदलावों से ममता बनर्जी का गुस्सा भड़क उठा है। वे खुद को पीड़ित साबित करने की कोशिश कर रही हैं, जो उनकी पुरानी चाल है।

चुनावी जंग की शुरूआत होते ही पश्चिम बंगाल की सड़कों पर उत्तेजना का माहौल बन गया। 2021 में जो दृश्य देखे गए थे, वे भयानक थे। तब तृणमूल के कार्यकताओं ने हिंसा का सहारा लिया। रामनवमी के जुलूस पर हमले हुए, घरों को आग लगाई गई, और निर्दोष लोगों को निशाना बनाया गया। पुलिस ने आंखें मूंद लीं। लेकिन इस बार सब कुछ अलग है। केंद्र सरकार ने अर्धसैनिक बलों को भारी संख्या में तैनात किया। ये जवान सीधी कार्रवाई करने से नहीं हिचकते। कोलकाता के एक इलाके में जब गुंडों ने मतदान केंद्र के पास उपद्रव मचाने की कोशिश की, तो जवानों ने तुरंत लाठियां भांजीं। पांच उपद्रवी घायल हो गए और उन्हें हिरासत में ले लिया गया। इससे आसपास का इलाका शांत हो गया। एक अन्य घटना में दक्षिण 24 परगना जिले के एक गांव में तृणमूल समर्थकों ने भाजपा कार्यकताओं को घेर लिया। लेकिन अर्धसैनिक बल ने फटाक से हस्तक्षेप किया। हवा में गोली चलाई गई और गुंडे भाग खड़े हुए। इन उदाहरणों से साफ है कि कानून अब किसी की सुनता नहीं।

ममता बनर्जी को ये सख्ती रास नहीं आ रही। वे हर मौके पर चिल्ला रही हैं कि केंद्र चुनाव में दखल दे रहा है। एक रैली में उन्होंने रोते हुए कहा कि उनके राज्य पर हमला हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि अर्धसैनिक बल निष्पक्ष तरीके से काम कर रहे हैं। वे तृणमूल के गुंडों पर भी उतनी ही सख्ती दिखा रहे हैं जितनी किसी और पर। उदाहरण के तौर पर हावड़ा में एक तृणमूल नेता ने पुलिस अधिकारी को धमकाया। अधिकारी ने शिकायत की, तो अर्धसैनिक बल ने उस नेता को मौके पर गिरफ्तार कर लिया। ममता ने इसे राजनीतिक साजिश करार दिया। वे कहती हैं कि उनके कार्यकताओं को निशाना बनाया जा रहा है। लेकिन आंकड़े कुछ और कहते हैं। चुनाव आयोग के रिकॉर्ड में दर्ज है कि इस बार हिंसा की घटनाएं 2021 के मुकाबले 70 प्रतिशत कम हुई हैं। मतदान केंद्रों पर कोई बड़ा उपद्रव नहीं हुआ। यह सब अर्धसैनिक बल की मौजूदगी का नतीजा है।चुनाव आयोग भी पीछे नहीं हट रहा। आयोग ने हर जिले में विशेष टीम गठित की हैं। ये टीमें रात-दिन गश्त कर रही हैं। एक बार उत्तर दिनाजपुर में एक जज को तृणमूल कार्यकताओं ने घेर लिया। जज निर्वाचन प्रक्रिया की निगरानी कर रहे थे। कार्यकर्ता चिल्ला रहे थे कि जज पक्षपाती हैं। लेकिन अर्धसैनिक बल ने तुरंत पहुंचकर जज को सुरक्षित निकाला और आठ लोगों को पकड़ लिया। जज ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि अगर ये जवान न होते, तो हालात बिगड़ जाते। इसी तरह मालदा में एक पुलिस अधिकारी को धमकी मिली। अधिकारी मतपेटियों की गिनती करवा रहे थे। गुंडों ने उन्हें घेरा, लेकिन जवानों ने डंडों की बौछार कर दी। तीन गुंडे अस्पताल पहुंचे। ये उदाहरण बताते हैं कि अब कानून का राज है। जज और अधिकारी सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। पहले वे डरते थे, अब वे बेधड़क काम कर पा रहे हैं।

ममता बनर्जी इस स्थिति से तिलमिला रही हैं। उनका पारा चढ़ा हुआ है। वे हर सभा में केंद्र को कोसती हैं। कहती हैं कि दिल्ली वाले उनके राज्य को बर्बाद कर देंगे। लेकिन उनकी यह चाल उल्टी पड़ रही है। जनता अब उनकी नाटकबाजी समझ रही है। विक्टिम कार्ड खेलने का उनका तरीका पुराना है। 2021 में भी उन्होंने यही किया था। तब हिंसा के बाद वे रो-रोकर टीवी पर आईं और खुद को मां बताते हुए वोट मांगे। कहा कि बेटे को बचाओ। इस बार भी वही फॉमूर्ला अपना रही हैं। कोलकाता की एक सभा में वे घुटने मोड़कर बैठ गईं। आंसू बहाते हुए बोलीं कि उन्हें कुर्सी से हटाने की साजिश चल रही है। उनके समर्थक चिल्लाने लगे। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता हंस पड़े। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो वायरल हो गए। लोग कह रहे हैं कि यह नौटंकी है। एक और उदाहरण लीजिए। जब अर्धसैनिक बल ने उनके एक विधायक को पकड़ा, तो ममता ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। कहा कि विधायक निर्दोष हैं, उन पर झूठा केस बनाया गया। लेकिन जांच में पता चला कि विधायक ने ही हिंसा भड़काई थी। आयोग ने उसे अयोग्य घोषित कर दिया। ममता ने फिर विक्टिम बनने की कोशिश की। कहा कि न्याय व्यवस्था उनके खिलाफ है।

इसके अलावा ममता भक्तों को भड़काने से नहीं चूक रही हैं। वे कहती हैं कि बंगाल की बेटी पर अत्याचार हो रहा है। लेकिन जनता जाग चुकी है। 2021 में वे सफल रहीं क्योंकि हिंसा का डर था। अब डर खत्म हो गया। अर्धसैनिक बल ने गुंडों की कमर तोड़ दी। एक सर्वे में सामने आया कि 60 प्रतिशत मतदाता शांतिपूर्ण चुनाव से खुश हैं। वे ममता की गुंडागर्दी से तंग आ चुके हैं। उदाहरण स्वरूप, आसनसोल में एक महिला मतदाता ने कहा कि पहले डर लगता था, अब बेझिझक वोट दे सकी। इसी तरह पुरुलिया के एक युवक ने बताया कि उसके भाई को 2021 में पीटा गया था। इस बार सब शांत रहा। ये बदलाव ममता के लिए खतरे की घंटी हैं। उनका विक्टिम कार्ड अब फेल हो रहा है। वे खुद को पीड़ित बताकर वोट बटोरना चाहती हैं, लेकिन लोग सच्चाई जान चुके हैं। चुनावी माहौल में और भी रोचक घटनाएं घटीं। बांकुरा जिले में तृणमूल ने फर्जी वोटिंग की कोशिश की। लेकिन चुनाव आयोग की टीम ने पकड़ लिया। अर्धसैनिक बल ने मौके पर छापा मारा। 20 लोग गिरफ्तार हुए। ममता ने इसे साजिश कहा। लेकिन सबूतों ने उन्हें झूठा साबित कर दिया। हुगली में एक जज को धमकी भरा फोन आया। जज ने आयोग को सूचना दी। जवानों ने फोन करने वाले को ट्रेस कर पकड़ लिया। वह तृणमूल का स्थानीय नेता निकला। ममता ने चुप्पी साध ली। इन घटनाओं से साफ है कि सख्ती काम कर रही है। उपद्रव करने वालों को सबक मिल रहा है। जज और अधिकारी अब बिना डरे काम कर रहे हैं।

**(वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ ( उ. प्र.)**

# चार धाम पर नया नियम! गंगोत्री में गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक

हर साल जब चार धाम यात्रा शुरू होती है, तो हजारों-लाखों की संख्या में लोग उत्तराखंड आते हैं। बता दें कि इन दिनों चार धाम यात्रा से जुड़ा एक मुद्दा चर्चा में है। दरअसल, गंगोत्री धाम और मुखबा में गैर हिंदुओं की एंट्री को बैन कर दिया गया है। मंदिर से जुड़े लोगों का कहना है कि यह फैसला धार्मिक स्थल की पवित्रता को बनाए रखने को ध्यान में रखकर लिया गया है। ऐसे में अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह नियम केदारनाथ, बद्रीनाथ और यमुनोत्री जैसे दूसरे धामों में भी लागू हो सकता है। इसलिए आज इस पर हम आपको विस्तार से जानकारी देने जा रहे हैं।



**आस्था और सनातन परंपरा से जुड़े जगहें**

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गंगोत्री धाम से जुड़े ट्रस्ट ने यह साफ कहा है कि यह जगह सिर्फ सनातन परंपरा और आस्था से जुड़े हैं। इसलिए इन जगहों को टूरिस्ट प्लेस की तरह नहीं देखा जाना चाहिए। इस सोच के साथ गैर-हिंदुओं की एंट्री पर रोक लगाने का फैसला लिया गया है। फिलहाल यह फैसला सिर्फ गंगोत्री और मुखबा तक ही सीमित है।

उठ सकता है मुद्दा

चार धामों का प्रबंधन देखने वाली समिति की तरफ से यह सुझाव सामने आया है कि इस तरह का नियम बाकी धामों में भी लागू किया जा सकता है। माना जा रहा है कि आने वाले समय में इस मुद्दे को उठाया जा सकता है। इस मुद्दे पर चर्चा के बाद ही कोई प्रस्ताव पास किया जा सकता है। लेकिन अभी तक इस बारे में कोई फैसला नहीं लिया गया है।अभी नहीं हुई है ऑफिशियल घोषणा

हालांकि अभी तक बोर्ड लेवल पर कोई ऑफिशियल घोषणा नहीं हुई है। लोगों का मानना है कि इस तरह का फैसला लेने से पहले सभी पक्षों से बात करना जरूरी है। क्योंकि चार धाम में कई तरह के लोग काम करते हैं। इनमें मजदूर, दुकानदार और सेवाकर्मी मौजूद होते हैं, जोकि अलग-अलग समुदायों के हैं।

**किसे मिलती है एंट्री**

यह भी साफ किया गया है कि जो भी लोग धार्मिक परंपराओं का पूरी तरह से पालन करते हैं। वह आमतौर पर मंदिरों में प्रवेश करते हैं। इसके साथ ही प्रशासनिक काम से आने वाले अधिकारियों और बाकी लोगों को एंट्री मिलती है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# हिंदू समाज के एकता से ही हमारे धर्म संस्कृति की रक्षा होगा : स्वामी रंगनाथाचार्य

### युवा हमारे भविष्य हैं विश्व गुरु भारत हेतु धर्म के मार्ग में युवाओं को आगे आना ही होगा

**संवाददाता**



**साहिबगंज:** शहर के कबूतरखोपी सूर्यदेव गंगा नदी तट किनारे मंगलवार को विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन सकल हिन्दू समाज की ओर से आयोजित किया गया।जिसमें हजारों की संख्या में हिन्दू समाज के महिला पुरुष बच्चे शामिल हुआ। कार्यक्रम शुरू होने से पूर्व कार्यक्रम स्थल से भव्य शोभा यात्रा निकाला गया। जो शहर के मुख्य चौक चौराहा का भ्रमण करते हुए मां बायसी मंदिर पहुंचकर पूजन करके वापस कार्यक्रम स्थल पहुंचकर सम्पन्न हुआ। विराट हिन्दू सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके अयोध्या हनुमानगढ़ी के परमपूज्य जगतगुरु रंगानाथचार्य सहित अन्य ने किया। अध्याकुमारी ने गणेश वंदना की, सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलयुग का नाट्य मंचन शंभवी सिंह ने अपनी प्रस्तुति की। वही परमपूज्य जगतगुरु रंगानाथचार्य ने कहा कि गर्व से कहो हम हिन्दू है और हिन्दुस्तान हमारा है। हिन्दू धर्म में जन्म लिए हो तो हिन्दू धर्म बनकर ही मृत्यु हो। सकल हिन्दू समाज को एकत्रित करने के लिए ओर राष्ट्रीय चेतना जागृत करना है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी आस्था, एकता और संस्कारों का महापर्व है। ईश्वर हमें सिखाता हैं कि जीवन में चाहे कितनी भी कठिनाइयाँ क्यों न आएँ, यदि हमारे अंदर श्रद्धा, विश्वास और भक्ति है, तो कोई भी बाधा हमें रोक नहीं सकती। हम अपने सनातन धर्म और संस्कृति को समझें, जिए और आगे बढ़ाएँ। युवा हमारे भविष्य हैं, जब युवा धर्म से जुड़ेंगे, तभी राष्ट्र मजबूत बनेगा। केवल मंदिरों में पूजा करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि हमें सेवा, दया, करुणा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहयोग पहुँचाने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि संगठन में ही शक्ति है। जब हम एकजुट होंगे, तभी धर्म और राष्ट्र दोनों सुरक्षित रहेंगे। हमारे ऋषि-मुनियों और आचार्यों ने हमें जो मार्ग दिखाया है, वह केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का भी मार्ग है। हम सब यह संकल्प लें कि अपने धर्म का पालन करेंगे। अपनी संस्कृति का संरक्षण करेंगे और समाज के लिए निरंतर सेवा करते रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे हम सभी को सद्बुद्धि, शक्ति और समृद्धि प्रदान करें। वही विभाग प्रचारक अजय कुमार ने कहा कि गौ गौरी और गंगा की सुरक्षा से ही सनातन संस्कृति की रक्षा होगी। हम सभी धर्म का काम करें समाज के अंतिम व्यक्ति तक धर्म का प्रचार हो। सामाजिक समरसता प्रांत टोली सुबोध सिंह ने कहा कि शताब्दी वर्ष मना रहे है, सकल हिन्दू समाज को एकत्रित करने का कार्य किया जा रहा है, राष्ट्रीय चेतना जागृत करना, हिंदुत्व का भाव जगाने का कार्य किया जा रहा है। वही कार्यक्रम में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ पढ़ा गया। मंच संचालन आरएसएस के विभाग प्रचारक अजय कुमार ने किया और धन्यवाद ज्ञापन जिला संपर्क प्रमुख डॉ सुरेंद्रनाथ तिवारी ने किया। मौके पर नगर कार्यवाह प्रमोद कुमार, जिला संघ चालक डॉ नितेश वर्मा, भाजपा किसान मोर्चा राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी यादव, प्रेमलाल मंडल उर्फ मंटा मंडल, रामानंद साह, राजेश वर्मा, संजय पटेल,अजय कुमार, नवीन कुमार, प्रमोद

## मल्टी-स्टेकहोल्डर वर्किंग ग्रुप की प्रथम बैठक हुई

**एजेंसी**



**साहिबगंज:** अर्बन रिवर मैनेजमेंट प्लान के अंतर्गत मल्टी-स्टेकहोल्डर वर्किंग ग्रुप की प्रथम बैठक उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, नगर निकायों के प्रतिनिधि, के अधिकारी, परामर्शदाता संस्था के प्रतिनिधि, वन प्रमंडल पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, नगर परिषद साहिबगंज एवं नगर पंचायत राजमहल के कार्यपालक पदाधिकारी तथा जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नमामि गंगे सहित अन्य हितधारक शामिल हुए।बैठक में यूआर एमपी के अंतर्गत शहर-स्तरीय समेकित नदी प्रबंधन की विस्तृत रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें गंगा नदी की जल गुणवत्ता में सुधार, पर्यावरणीय प्रवाह बनाए रखना, शहरी क्षेत्रों से प्रदूषण भार में कमी लाना, तथा नदी तट क्षेत्रों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन जैसे प्रमुख उद्देश्यों को रेखांकित किया गया। साथ ही, जल आधारित पर्यटन को स्थानीय आजीविका से जोड़ते हुए सतत एवं नियंत्रित तरीके से विकसित करने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई।

इस योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका को केंद्रीय और निर्णायक बताया गया। नगर परिषद साहिबगंज एवं नगर पंचायत राजमहल के कार्यपालक पदाधिकारियों को अपने-अपने नगर के लिए नोडल निकाय नामित किया गया है। इनके माध्यम से योजना का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन, विभागीय समन्वय, नियमित प्रगति समीक्षा तथा डाटा आधारित निर्णय प्रक्रिया को सुदृढ़ किया जाएगा।विशेष रूप से नगर निकायों को ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की प्रभावी व्यवस्था विकसित करने, नालों के उपचार को सुनिश्चित करने, बिना उपचारित अपशिष्ट के नदी में प्रवाह को रोकने, तथा नदी में गिरने वाले प्रमुख प्रदूषण स्त्रोतों की पहचान एवं नियंत्रण हेतु कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, वार्ड स्तर पर जनभागीदारी को बढ़ावा देने, नागरिकों में जागरूकता फैलाने तथा व्यवहार परिवर्तन को प्रोत्साहित करने में भी नगर निकायों की सक्रिय भूमिका पर बल दिया गया।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि प्रत्येक संबंधित विभाग एवं निकाय अपने-अपने दायित्वों के अनुरूप आवश्यक आंकड़े समयबद्ध रूप से परामर्शदाता संस्था एएलएलयुभुआईएएम को उपलब्ध कराएंगे, ताकि योजना निर्माण एवं क्रियान्वयन को सुदृढ़ किया जा सके।बैठक के अंत में सभी हितधारकों ने समन्वित प्रयासों के माध्यम से शहरी नदी पारिस्थितिकी के संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा सतत विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## पीएम श्री उत्क्रमित राजकीय उच्च विद्यालय नगरपालिका कन्या साहिबगंज में सत्र का हुआ शुभारंभ



**संवाददाता**

साहिबगंजः पीएम श्री उत्क्रमित राजकीय उच्च विद्यालय नगरपालिका कन्या साहिबगंज में प्रोविजनल नामांकित वर्ग नवम,सत्र 2026-2027 के छात्राओं हेतु कक्षा का शुभारंभ कर दिया गया है !ज्ञातव्य है कि इसके पहले ही दिनांक 01 अप्रैल 2026 बुधवार से वर्ग दशम, सत्र 2026-2027 के छात्राओं का वर्ग संचालन प्रारंभ कर दिए गए हैं !विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मो फारूक हुसैन ने जानकारी दिया गया कि 8टीएच वो 9टीएच के परीक्षा परिणाम पूर्व कक्षा का संचालन से छात्राओं में वर्ग नवम वो दशम के सभी विषयों के विषय वस्तु से संबंधित बेसिक आधारभूत जानकारी मिल सकेगा,साथ ही छात्राओं का लर्निंग गैप नहीं होगा व नियमित अध्यापन होगा।

## अपर समाहर्ता ने लगाया जनता दरबार, समस्याओं का किया समाधान



**संवाददाता**

साहिबगंज :अपर समाहर्ता ने जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात कर उनके समस्याओं से अवगत हुए। इसके साथ ही अपर समाहर्ता द्वारा उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आए, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के बाद अपर समाहर्ता ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करें। साथ ही उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इन शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अपना प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें ताकि शिकायतों के निष्पादन में आसानी हो सके।

## नौ अप्रैल से नौ दिवसीय 11 कुंडिय लक्ष्मी नाराय । महायज्ञ का होगा शुभारंभ

**5100 कलश लेकर महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी**

**संवाददाता**



**साहिबगंज:** शहर के पूर्वांचल दुर्गा पूजा समिति साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा मंदिर परिसर में नौ अप्रैल को लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा उक्त बाते अयोध्या से चलकर आए अयोध्या दास जी महाराज ने प्रेस को बताया। मंगलवार को साक्षरता चौक काटरगंज यज्ञ मंडप में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि यज्ञ हमारे भारतीय संस्कृति की प्राचीन परंपरा रही है। अलग अलग कामना से यज्ञ कराते है। संसार के कल्याण मानव के उत्थान करने वाला यज्ञ सफल होता है। साक्षरता चौक काटरगंज दुर्गा मंदिर परिसर में नौ अप्रैल से 11 कुंडिय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ नौ दिवसीय आयोजित किया जाएगा। काशी के डॉ हरेंद्र द्विवेदी के सानिध्य में ये महायज्ञ होगा। हमारे प्राकृतिक, संसारिक ओर देश व जिला का कल्याण हो, इसके लिए महायज्ञ का आयोजन किया गया है। अयोध्या काशी वृंदावन से साधु संत पुरोहित सब का आगमन जिला में होगा। समिति अध्यक्ष विमल यादव ने बताया कि नौ अप्रैल से 17 अप्रैल तक महायज्ञ होगा। नौ अप्रैल को सुबह 5100 कलश के साथ कलश यात्रा निकाला जाएगा। घोड़ा, रामगढ़ का बैंड बाजा कलश यात्रा में आकर्षक का केंद्र रहेगा। समिति के अध्यक्ष विमल यादव ने कहा कि नौ दिन भंडारा, सुबह नौ बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। नौ दिनों तक अयोध्या के कलाकार की ओर से रासलीला ओर 72 प्रहर हरिकृतन किया जाएगा। नागा साधु संत महात्मा पहुंचेंगे। महायज्ञ में मनोरंजन की सुविधा रहेगी। भक्तों का सुरक्षा व्यवस्था रहेगा। मेला में बच्चों ओर श्रद्धालुओं के लिए तारा माची झूला, कई सारे दुकान सहित भव्य मेला का आयोजन किया जाएगा। समिति की ओर से महायज्ञ का तैयारी युद्ध स्तर से किया जा रहा है। यज्ञ मंडप का निर्माण सहित साधु संत के तप पूजन का जगह, दुकानों के लिए जगह, प्रतिमा के लिए ओर भंडारा के लिए ओर पूजन के लिए जगह बनाया जा रहा है।मौके पर धीरन यादव,आदित्य यादव,भोलानाथ पांडे,केदार यादव,बमबम यादव सहित समिति सदस्य उपस्थित थे।

## प्रशिक्षण शिविर कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है : निसात आलम

**संवाददाता**



**साहिबगंज/बरहरवाः-** प्रखंड के आहुतग्राम पंचायत स्थित विवाह भवन प्रांगण में बरहरवा प्रखंड कांग्रेस कमेटी द्वारा जन संवाद एवं एस.आई.आर. प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष रणजीत टुडू ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक निसात आलम एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष बरकत खान उपस्थित रहे।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य झारखण्ड में होने वाले एस.आई.आर.प्रक्रिया को लेकर पार्टी कार्यकताओं को जागरुक एवं प्रशिक्षित करना था।कार्यक्रम में सर्वप्रथम जिला अध्यक्ष बरकत खान ने प्रखंड संवाद एवं पेशा एक्ट के बारे में विस्तार रूप से अपनी बातों को रखा उन्होंने सभी पंचायत अध्यक्ष एवं सभी बीएलओ को अभी से सभी मतदाताओं के घर-घर जाकर एस.आई.आर. की विस्तृत जानकारी देने का निर्देश दिया।विधायक निसात आलम ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण शिविर कार्यकताओं के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण पहल है।उन्होंने कहा कि बुथ स्तर पर सक्रिय कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ होते हैं,और उनकी सजगता से ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया मजबूत होती है।उन्होंने सभी बी एल ओ से अपील की कि वह अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करें तथा उन्हें एस आई आर प्रक्रिया के सही जानकारी दें।उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे इसके लिए सभी कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।बी एल ए मास्टर ट्रेनर हीरालाल साहा एवं मुरसलीम खान ने विस्तार से एस आई आर प्रक्रिया को समझाते हुए कहा कि सही जानकारी और समय पर कार्यवाही ही इस प्रक्रिया की सफलता की कुंजी है।उन्होंने बीएलओ को तकनीकी पहलुओं,फॉर्म भरने की प्रक्रिया,दस्तावेजों की जाँच एवं त्रुटियों के सुधार के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी।उन्होंने बताया कि बुथ स्तर पर कार्य करते समय पारदर्शिता और सतर्कता बेहद आवश्यक है।उन्होंने सभी बी एल ए से अपील की वह मतदाताओं की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुने और समय पर समाधान सुनिश्चित करें ताकि चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।प्रखंड अध्यक्ष रंजीत टुडू एवं कार्यकारी प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक कुमार दास ने भी कार्यकताओं को संबोधित किया।कार्यक्रम में काफी संख्या में पंचायत अध्यक्ष,बी एल ए ,कांग्रेसी कार्यकर्ता गण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे।मौके पर वरिष्ठ कांग्रेसी रैसूल आलम,जिला उपाध्यक्ष नाबिद अंजुम,मुखिया संझली सोरेन,प्रखण्ड उपाध्यक्ष सह मिडिया प्रभारी अनन्त लाल भगत,प्रखण्ड उपाध्यक्ष मो. सफातुल्लाह,प्रखंड महासचिव निताय सरकार पाकुड़ विधानसभा अध्यक्ष रबीउल इस्लाम,मंडल अध्यक्ष विकास कुमार सिंह,कसाफूद दोजा, पंचायत अध्यक्ष रंजीत भंडारी,कौशर आलम,शरत मंडल जहांगीर शेख, अरुण साहा,मोफक्कर हुसैन,मेहबूब आलम, समुद्री बास्की, मुमताज शेख, बैदुल हक, तैमूरजहां अंसारी, शाम मोहम्मद शेख बीएलए नासिर विश्वास, मो हाबील,तमीजुद्दीन, झरिलाल साह, कुलदीप रजक, अखतारुल, जहरुल खान, कारून शेख, मनवर हुसैन, संजय किसपोट्टा,सुरेश कुजूर रंजीत साह, असादुल, शमीम अख्तर, जैनुल आबेदिन, हजरत अली साइमन हेमब्रम, मुस्ताफिजूर, किस्टोफर हेमब्रम श्यामदेव रजवार सहित सैकड़ो बी एल ए एवं कार्यकर्त्तागण उपस्थित थे।

**न्यूज IN ब्रीफ**

### योजनाएं किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही हैं : कृषि पदाधिकारी

**किसानों के हित में इस प्रकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जारी रहेगा**



**साहिबगंज:** जिला अंतर्गत प्रखंड राजमहल में आज बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत किसानों के बीच आईएनएम समेकित पोषक तत्व प्रबंधन एवं आईपीएम समेकित कीट प्रबंधन किट का वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों से जोड़ते हुए उनकी उत्पादन क्षमता एवं आय में वृद्धि करना है।कार्यक्रम के दौरान उप परियोजना निदेशक, आत्मा साहिबगंज, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, राजमहल और प्रखंड समन्वयक श्री निकेश कुमार एग्री क्लीनिक, राजमहल की गरिमामयी उपस्थिति में कुल 55 चयनित किसानों के बीच आईएनएम व आईपीएम किट का वितरण किया गया। उपस्थित पदाधिकारियों ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि आईएनएम व आईपीएम तकनीकों के उपयोग से फसलों में संतुलित पोषण एवं कीटों का प्रभावी नियंत्रण संभव है।जिससे उत्पादन लागत में कमी तथा उपज की गुणवत्ता एवं मात्रा में वृद्धि सुनिश्चित होती है। उन्होंने किसानों को इन किटों का समुचित एवं वैज्ञानिक तरीके से उपयोग करने हेतु भी प्रेरित किया।कार्यक्रम में किसानों ने इस पहल के प्रति उत्साह व्यक्त करते हुए सरकार एवं कृषि विभाग के प्रति आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं किसानों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो रही हैं और उन्हें आधुनिक खेती की ओर अग्रसर कर रही हैं।

जिला प्रशासन द्वारा आश्वस्त किया गया कि भविष्य में भी किसानों के हित में इस प्रकार की योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जारी रहेगा। जिससे जिले के कृषि क्षेत्र को और सशक्त बनाया जा सके।

### समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक : भगत



**साहिबगंज :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निदेशानुसार व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार ,साहिबगंज अखिल कुमार के कुशल मार्गदर्शन में जिले भर में पीएलवी न्याय मित्रों द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर सघन जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर प्राधिकार के सचिव श्री विश्वनाथ भगत ने बेहतर स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केवल बीमारी की अनुपस्थिति नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण स्वस्थ होने की अवस्था है। श्री भगत ने विशेष रूप से स्वास्थ्य के अधिकार एवं उससे संबंधित विधिक प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित योग करने, स्वच्छ पेयजल के उपयोग तथा संतुलित आहार लेने के प्रति जागरूक किया। उन्होंने यह बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति समाज में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करना आवश्यक है। ताकि प्रभावित व्यक्ति बिना किसी संकोच के सहायता प्राप्त कर सकें।कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सरकारी योजनाओं, मुफ्त चिकित्सा उपचार से जुड़े कानूनी प्रावधानों व विधिक सेवा संस्थानों की भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही बैनर-पोस्टर के माध्यम से जन-जागरूकता फैलायी गई और पंपलेट वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त, नालसा की हेल्पलाइन संख्या 15100 का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया।ताकि स्वास्थ्य अधिकारों के उल्लंघन अथवा किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता होने पर लोग संपर्क कर सकें। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना उन्हें उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं एवं उनके कानूनी अधिकारों से अवगत कराना है। कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ साहिबगंज के निर्माण का संकल्प लिया।

### जनता दरबार में जनसमस्याओं का हो रहा सुचारू रूप से समाधान



साहिबगंज/बरहरवाः-प्रखंड परिसर स्थित विधायक कक्ष में प्रत्येक मंगलवार की भाँति इस सप्ताह भी जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार का संचालन विधायक प्रतिनिधि बरकत खान द्वारा किया गया,जिसमें प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों से बड़ी संख्या में आमजन अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे।जनता दरबार में आए लोगों ने जमीन विवाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, मंईया सम्मान योजना, पेयजल संकट सहित कई तरह की समस्याएं रखीं। कई लाभुकों ने पीएम आवास की दूसरी किस्त में हो रही देरी को लेकर भी अपनी शिकायत दर्ज कराई।विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान किया, जबकि जटिल मामलों में संबंधित अधिकारियों से फोन पर संपर्क कर शीघ्र समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी लंबित मामलों का जल्द निपटारा कराया जाएगा।बरकत खान ने कहा कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को प्रशासनिक दफ्तरों के चक्कर से बचाना और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने बताया कि इस पहल से अब तक सैकड़ों लोगों को राहत मिल चुकी है।जनता दरबार के माध्यम से बरहरवा प्रखंड के लोगों को काफी सहूलियत मिल रही है और उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक सशक्त मंच प्राप्त हो रहा है।श्री खान ने कहा कि विधायक कक्ष में जनता दरबार के माध्यम से जनसमस्याओं का समाधान सुचारू रूप से किया जा रहा है और आगे भी जनसेवा के भाव से करता रहूँगा।

# फिडे कैंडिडेट्स टूनामेंट 2026: दिव्या देशमुख ने अन्ना मुजिचुक को हराकर संयुक्त बढ़त बनाई, प्रज्ञानानंद हारे

एजेंसी

**साइप्रस :** फिडे कैंडिडेट्स टूनामेंट 2026 के आठवें राउंड में मंगलवार को भारत की दिव्या देशमुख ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष पर चल रहीं अन्ना मुजिचुक को हराकर संयुक्त बढ़त हासिल कर ली।



अपने पहले कैंडिडेट्स टूनामेंट में खेल रहीं दिव्या ने शुरूआत में दबाव झेला, लेकिन एंडगेम में शानदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत के साथ वह मुजिचुक, आर वैशाली, झू जिनर और कटरीना लाग्नो के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंच गई हैं। मुकाबले के मिडिलगेम और शुरूआती एंडगेम में मुजिचुक का नियंत्रण दिख रहा था और खेल ड्रॉ की ओर बढ़ता नजर आ रहा था। हालांकि 76वें मूव के बाद दिव्या ने लगातार चेक देते हुए विरोधी राजा को खुली स्थिति में ला दिया। 80वें मूव पर मुजिचुक की एक गलती भारी पड़ी और दिव्या ने निर्णायक हमला बोलते हुए जीत दर्ज कर ली।

महिला वर्ग के अन्य मुकाबलों में वैशाली ने बिबिसारा अस्साउबायेवा के खिलाफ ड्रॉ खेला, जबकि लाग्नो ने अलेक्जेंड्रा गो?याच्किना को हराया। झू जिनर ने तान झोंगयी पर जीत हासिल की।

ओपन वर्ग में शीर्ष पर चल रहे जावोखिर सिंदारोव और आंद्रेई एसिपेंको के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। खेल के मध्य चरण में दोनों खिलाड़ियों ने संतुलित खेल दिखाया और अंततः मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ।

भारत के आर प्रज्ञानानंद को अनीश गिरी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। गिरी ने 36.!6 के महत्वपूर्ण मूव के जरिए दबाव बनाया और प्रज्ञानानंद को अंततः हार माननी पड़ी। अन्य मुकाबलों में हिकारू नाकामुरा ने फैबियानो कारुआना को हराकर टूनामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की, जबकि वेई यी और मैथियास ब्लूबाउम के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा।

## बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंडर-19 एलीट कैंप के लिए हिमाचल के तीन क्रिकटरों का चयन

एजेंसी

**धर्मशाला :** हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एचपीसीए) के 3 खिलाड़ियों का चयन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस अंडर-19 बॉयज एलीट कैंप 2026 के लिए हुआ है। यह कैंप 11 मई से 6 जून 2026 तक देश के विभिन्न केंद्रों पर आयोजित किया जाएगा। खिलाड़ियों को 10 मई की दोपहर तक रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

एचपीसीए से चयनित खिलाड़ियों में बिलासपुर के आदित्य कटारिया, हमीरपुर के अक्षय वशिष्ठ और ऊना के अर्पित सिंह शामिल हैं। इन खिलाड़ियों को क्रमशः



राजकोट, नडियाद और मोहाली में आयोजित होने वाले कैंप में अलग-अलग टीमों के साथ प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। कैंप में शामिल होने से पहले सभी खिलाड़ियों की शारीरिक फिटनेस का आकलन धर्मशाला स्थित एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में किया जाएगा। फिटनेस परीक्षण में सफल होने के बाद ही खिलाड़ियों को कैंप में भाग लेने की अनुमति दी जाएगी। सचिव मनुज शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी

एचपीसीए के मानद सचिव मनुज शर्मा ने चयनित खिलाड़ियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अवसर खिलाड़ियों के लिए अपने खेल को निखारने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का महत्वपूर्ण मंच है।

# ऋचा को दिल्ली हाईकोर्ट से फटकार



● फ्लाइट में छेड़छाड़ के आरोप वाले पोस्ट को रीशेयर करना पड़ा महंगा

**दिल्ली** हाई कोर्ट ने एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा समेत कई लोगों को सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर सख्त टिप्पणी करते हुए फटकार लगाई है। मामला एक ऐसी घटना से जुड़ा है, जिसमें एक व्यक्ति पर फ्लाइट के दौरान कथित गलत व्यवहार के आरोप लगाए गए थे और बिना पूरी जांच के उसे सोशल मीडिया पर 'छेड़छाड़ करने वाला' तक कह दिया गया। कोर्ट ने कहा कि सोशल मीडिया पर साझा की गई सामग्री ने एफआईआर की सीमाओं को पार कर दिया और तथ्यों की पुष्टि किए बिना ही व्यक्ति को दोषी ठहराने की कोशिश की गई। जस्टिस विकास महाजन ने इस तरह की पोस्ट्स को गैर-जिम्मेदाराना बताते हुए कहा कि इससे न सिर्फ मामले को सनसनीखेज बनाया गया, बल्कि न्याय प्रक्रिया पर भी असर पड़ा। अदालत के अनुसार, कुछ पोस्ट्स में संबंधित व्यक्ति की तस्वीर के साथ 'मॉलेस्टर' जैसे शब्द बड़े अक्षरों में लिखे गए थे, जिससे उसकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा। कोर्ट ने इसे प्रथम दृष्टया मानहानि का मामला मानते हुए कहा कि इस तरह की पोस्ट्स किसी की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचा सकती हैं और उसे सार्वजनिक रूप से अपमानित कर सकती हैं।

### क्या है मामला?

यह पूरा मामला 11 मार्च की एक फ्लाइट से जुड़ा है, जिसमें एक महिला पत्रकार ने एक यात्री पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया था। हालांकि, आरोपित व्यक्ति ने इन सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि वह पूरी यात्रा के दौरान अपनी सीट पर ही था और फ्लाइट खत्म होने से पहले सो रहा था। विवाद तब और बढ़ गया जब सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए उस व्यक्ति की पहचान, फोटो और पेशेवर जानकारी सार्वजनिक कर दी गई, जबकि उस समय तक आधिकारिक तौर पर मामला दर्ज भी नहीं हुआ था। इसके बाद इस पोस्ट को कई लोगों और मशहूर हस्तियों ने शेयर किया, जिससे मामला तेजी से फैल गया। ऋचा चड्ढा ने भी इस पोस्ट को री-शेयर करते हुए टिप्पणी की थी, जिससे यह और ज्यादा वायरल हो गया।

कोर्ट ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि इस तरह के कदम किसी व्यक्ति के निष्पक्ष सुनवाई के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। अदालत ने अपने अंतरिम आदेश में स्पष्ट किया कि बिना जांच और सबूतों के किसी को दोषी ठहराना न सिर्फ गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि यह कानून के मूल सिद्धांतों के भी खिलाफ है।

# 'मंगल-देश की बेटी' के लिए दीपिका सिंह को फैंस ने दी बधाई

**भारतीय** टेलीविजन की दुनिया में कई शो होते हैं जो दर्शकों के दिल में अपनी खास जगह बना लेते हैं। ऐसे ही शो में से एक है 'मंगल लक्ष्मी', जो अब अपने नए अध्याय 'मंगल-देश की बेटी' के साथ दर्शकों के सामने आ रहा है। इस नई कहानी में मुख्य किरदार मंगल नई जिम्मेदारियों और चुनौतियों का सामना करती हैं। अभिनेत्री दीपिका सिंह ने इस नई यात्रा को लेकर इंस्टाग्राम पर एक भावपूर्ण पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने अपनी खुशी, उत्साह और टीम के प्रति आभार जताया। दीपिका ने अपने पोस्ट में लिखा कि वह इस नए चैप्टर को लेकर पूरी तरह से अभिभूत और उत्साहित हैं। उन्होंने दर्शकों को बताया कि इस कहानी में मंगल को देश की सेवा का अवसर मिलता है और वह खुद को विशेष महसूस करती हैं। दीपिका ने अपने कैप्शन में लिखा, ''मंगल-देश की बेटी' के इस नए सफर को निभाने के लिए मैं बेहद खुश, रोमांचित और उत्साहित हूं। उन्होंने अपने पोस्ट में टीम का भी धन्यवाद किया। दीपिका ने कहा कि पिछले 700 एपिसोड्स के दौरान पूरी टीम ने लगातार मेहनत और समर्पण दिखाया। उन्होंने बताया कि दर्शकों का समर्थन ही उनकी इस सफलता की सबसे बड़ी वजह है। उन्होंने अपने फैंस से हर एपिसोड देखने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वे सोमवार से शुक्रवार रात 8:30 बजे इस शो का आनंद लेते रहेंगे।



## 'राइज एंड फॉल' जीतने के बाद अर्जुन बिजलानी की होगी 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' में एंट्री?

**अर्जुन** बिजलानी टीवी के सबसे पॉपुलर और पसंदीदा एक्टर्स में से एक हैं. उन्होंने सीरियल्स में एक्टिंग से लेकर शोज में होस्टिंग तक हर चीज में अपने टैलेंट दिखाया है. इतना ही नहीं, 2025 में उन्होंने रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' जीतकर अपनी लोकप्रियता और भी बढ़ा ली. यही वजह है कि जब हाल ही में Prime Video ने करण जौहर का हिट रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' अनाउंस किया, तो अर्जुन का नाम संभावित कंटेस्टेंट्स में खूब चर्चा में आ गया. लेकिन सवाल अब यह है कि क्या वह सच में इस शो में शामिल होंगे या नहीं. आइए जानते हैं पूरी अपडेट. बातचीत में अर्जुन ने बताया कि उनसे 'द ट्रेटर्स इंडिया सीजन 2' के लिए अप्रोच किया गया था. हालांकि, मेकर्स और उनके बीच बातचीत बन नहीं पाई. इसका मतलब है कि वह इस बार इस रियलिटी शो का हिस्सा नहीं होंगे.



## वर्षों पहले रितेश ने देखा था 'छत्रपति शिवाजी' पर फिल्म बनाने का सपना

### अभिषेक ने सुनाया 'भाई' का किस्सा

**अभिनेता** अभिषेक बच्चन अपनी पहली मराठी फिल्म 'राजा शिवाजी' के जरिए मराठी सिनेमा में डेब्यू करने को तैयार हैं। मुंबई फिल्म कंपनी और जियो स्टूडियोज की इस फिल्म में अभिषेक संभाजी शाहजी भोसले का दमदार रोल निभाते नजर आएंगे। फिल्म का फर्स्ट लुक टीजर हाल ही में रिलीज हुआ है, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है। अभिषेक बच्चन ने बताया कि यह फिल्म उनके लिए सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक खास अनुभव है। उन्होंने कहा, 'रितेश देशमुख, जिन्हें मैं अपना भाई मानता हूं, इस फिल्म का सपना बहुत सालों से देख रहे थे। करीब 25 साल पहले जब मैं लातूर में फिल्म 'जमीन' की शूटिंग कर रहा था, तब रितेश पहली बार मिले थे। उसी समय उन्होंने मुझे बताया था कि वह एक दिन छत्रपति शिवाजी महाराज पर फिल्म बनाना चाहते हैं।' अभिषेक ने आगे कहा कि रितेश देशमुख इस फिल्म को निर्देशित कर रहे हैं और यह मराठी सिनेमा के लिए एक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है। उन्होंने कहा, 'रितेश ने अपनी पिछली फिल्म में साबित कर दिया है कि वह कितने बेहतरीन निर्देशक हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि 'राजा शिवाजी' मराठी सिनेमा के लिए एक मील का पत्थर साबित होगी। इस फिल्म का हिस्सा बनकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। ' फिल्म का टीजर रिलीज होते ही दर्शकों ने इसकी भव्यता, एक्शन और वीरता की तारीफ की है। टीजर में अभिषेक बच्चन एक योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं, जो अपने छत्रपति शिवाजी महाराज के साथ खड़े नजर आएंगे। राजा शिवाजी में रितेश देशमुख के साथ अभिषेक बच्चन के अलावा संजय दत्त, विद्या बालन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, बोमन ईरानी, भाग्यश्री, फरदीन खान, जितेंद्र जोशी, अमोल गुप्ते और जेनेलिया देशमुख जैसे कलाकार भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं।




'बिहार मेरी पहचान की नींव है'


# पंकज त्रिपाठी ने टोक्यो में बिहार दिवस पर जताया गर्व



**दुनिया** के अलग-अलग देशों में बसे भारतीय जब अपनी संस्कृति और परंपराओं को मनाते हैं, तो वह सिर्फ एक त्योहार नहीं बल्कि अपनी पहचान और जड़ों से जुड़ने का एक खास मौका बन जाता है। जापान की राजधानी टोक्यो में भी ऐसा ही एक भावनात्मक माहौल देखने को मिला, जब बिहार दिवस के अवसर पर भारतीय समुदाय एकत्र हुए। इस खास मौके पर अभिनेता पंकज त्रिपाठी ने अपने विचार साझा किए और बताया कि कैसे बिहार की मिट्टी ने उनके व्यक्तित्व को गहराई से आकार दिया है। इस अवसर पर पंकज त्रिपाठी ने बताया कि उनकी सादगी, संघर्ष और संवेदनशीलता सब कुछ बिहार से ही आया है। उन्होंने कहा, ''बिहार की मिट्टी से जो सादगी और संघर्ष मिलता है, वही मेरी पहचान की नींव है। बिहार सिर्फ एक राज्य नहीं, बल्कि एक एहसास है, जो हर बिहारी के भीतर हमेशा जीवित रहता है। मुझे यहां भी वही अपनापन महसूस हो रहा है, क्योंकि यहां मौजूद हर व्यक्ति के दिल में बिहार बसा हुआ है। यह अनुभव मेरे लिए बेहद खास है।'उन्होंने कहा, ''बिहार के लोग कठिन परिस्थितियों में भी मेहनत, ईमानदारी और सपनों के साथ आगे बढ़ते हैं। यही कारण है कि आज दुनिया भर में बिहारी अपनी मेहनत और काबिलियत से पहचान बना रहे हैं। चाहे कला हो, शिक्षा, व्यापार या सार्वजनिक सेवा, हर क्षेत्र में बिहारी लोग लगातार अपना योगदान दे रहे हैं और भारत की छवि को मजबूत कर रहे हैं। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, ''विदेश में आयोजित ऐसे कार्यक्रम हमें अपनी जड़ों से जोड़ते हैं। ये हमें हमारी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों की याद दिलाते हैं। यह मेरे जीवन के शुरुआती संघर्षों और सफर की याद दिलाता है, जिसने मुझे आज एक सफल कलाकार बनाया।' पंकज त्रिपाठी ने कहा, ''इस कार्यक्रम में अपने परिवार के साथ शामिल होना मेरे लिए और भी भावनात्मक अनुभव है। यह सिर्फ एक राज्य का जश्न नहीं है, बल्कि यह अपनी आने वाली पीढ़ी को अपनी पहचान और संस्कृति से जोड़ने का एक जरिया भी है। वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ते समय अपनी जड़ों से जुड़े रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने बिहार को एक ऐसी कहानी बताया जो विरासत, सीख और असीम संभावनाओं से भरी है। उन्होंने गर्व के साथ कहा कि वह खुद को इस कहानी का एक छोटा सा हिस्सा मानते हैं।

चेक बाउंस मामला :

# दिल्ली हाईकोर्ट में राजपाल यादव के खिलाफ दायर मामले पर फैसला सुरक्षित



**बेहतरीन** कॉमिक टाइमिंग और दमदार अभिनय के लिए हिंदी सिनेमा में अलग पहचान स्थापित करने वाले राजपाल यादव की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। चेक बाउंस मामले में फंसे अभिनेता को लेकर अब सुनवाई के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। फैसला अगली तारीख पर सुनाया जाएगा। दिल्ली हाई कोर्ट ने अभिनेता राजपाल यादव के खिलाफ दायर चेक बाउंस मामले पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया। कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के बीच विवाद सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई समझौता नहीं हो सका। वहीं, अभिनेता का कहना है कि वह कोर्ट के हर फैसले का सम्मान करेंगे। मामले में राजपाल यादव के वकील एडवोकेट भास्कर उपाध्याय का कहना है कि कोर्ट के सामने अपनी सारी बातें रखी हैं और कोर्ट ने हमारे पक्ष को सुना। मामला अगली सुनवाई तक के लिए सुरक्षित रख लिया गया है। राजपाल यादव कोर्ट के फैसले का सम्मान करते हैं और हर फैसला मानने के लिए तैयार हैं। वकील ने यह भी कहा कि अभिनेता का मामला बीते कई सालों से एकतरफा चला आ रहा है और उनसे लगातार बढ़ाकर पैसे मांगे गए हैं। अभिनेता का भी 18-20 करोड़ का नुकसान हुआ है, उसको लेकर कहीं सुनवाई नहीं हो रही है।

# इंदौर: नगर निगम का 8455 करोड़ का बजट पेश, कोई नया टैक्स नहीं, विकास पर फोकस

एजेंसी

**इंदौर :** मध्य प्रदेश के इंदौर में मंगलवार को नगर निगम का 8 हजार 455 करोड़ रुपये बजट पेश किया गया। इस बार बजट में शहरवासियों पर नए करों का बोझ नहीं डाला गया है, लेकिन कोई बड़ी घोषणा भी नहीं की गईं। भाजपा की नगर निगम का जोर पुराने प्रोजेक्टों, सफाई व्यवस्था और मास्टर प्लान की 29 सड़कों पर है। बजट में इसके लिए सबसे ज्यादा राशि रखी गई।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बजट भाषण में कहा कि कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है और न ही पुराने कर की दरों में इजाफा किया गया है। उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा में दूषित पेयजल कांड को लेकर हमें दुख है, लेकिन अब वहां नई लाइन बिछ गई है। निगम ने फैसला लिया है कि भागीरथपुरा में मृतकों के परिवार के एक सदस्य को आउटसोर्स के माध्यम से नौकरी दी जाएगी। उन्होंने कहा कि निगम ने पेयजल, सड़क, पर्यावरण और सफाई के लिए बजट में पर्याप्त राशि का प्रावधान किया है।



भागीरथपुरा दूषित पेयजल कांड से सबक लेकर शहर में पानी की जांच के लिए लैब शुरू करने की योजना निगम ने बनाई है, जिसकी घोषणा बजट में की गई। इसके अलावा नर्मदा के चतुर्थ चरण और मास्टर प्लान की 29 सड़कों के निर्माण के लिए बजट में बड़ी राशि रखी गई। 29 गांवों में नर्मदा जल आपूर्ति और सीवरेज लाइन बिछाने के लिए भी पर्याप्त बजट का प्रावधान किया गया। महापौर भार्गव ने कहा कि हमारे निगम ने आने वाले 25 वर्षों के हिसाब से काम किया है। नर्मदा के चौथे चरण के अलावा सीवरेज का नेटवर्क हमने बढ़ाया है। मास्टर प्लान की 23 सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। इसका फायदा भविष्य में शहर की जनता को मिलेगा।

नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि शहर में मूलभूत सुविधाएं भी भाजपा की निगम नहीं दे पाई। नर्मदा के चौथे चरण की प्लानिंग की जा रही है, लेकिन शहर को साफ पानी तक नहीं मिल पा रहा है। इंदौर नगर निगम के बजट का बड़ा हिस्सा पानी से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर है। इनमें नर्मदा परियोजना का चौथा चरण, नई पाइपलाइन बिछाना, पुरानी पाइपलाइन बदलना, हर वार्ड में पानी टेस्टिंग लैब बनाने का लक्ष्य रखा गया है। अमृत-2 और अन्य योजनाओं के तहत 1500 करोड़ रुपए से ज्यादा के काम किये जाएंगे। इनमें पानी की टंकियां, सीवरेज सिस्टम और इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट किया जाएगा। महापौर ने 130 पेज के बजट के प्रमुख अंश पढ़े। बुधवार को इस बजट पर चर्चा और बहस होगी।

## स्थानीय निकाय चुनावों में देरी पर गहलोत का हमला, कहा-राजस्थान में संवैधानिक संकट गहराया

एजेंसी

**जयपुर :** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य में पंचायतों और नगरीय निकायों के चुनावों में हो रही देरी को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए उन्होंने इसे लोकतंत्र और संविधान के लिए गंभीर खतरा बताया। गहलोत ने कहा कि प्रदेश में एक वर्ष से अधिक समय से पंचायत और नगर निकाय चुनाव नहीं कराए जाना केवल प्रशासनिक चूक नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा प्रहार है। उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचित जनप्रतिनिधियों की जगह सरकारी प्रशासकों की नियुक्ति कर जनता के अधिकारों का हनन किया जा रहा है।

उन्होंने संविधान के अनुच्छेद 243ई और 243यू का हवाला देते हुए कहा कि पंचायतों और नगरीय निकायों का कार्यकाल पांच वर्ष निर्धारित है और समय पर चुनाव कराना अनिवार्य है। साथ ही अनुच्छेद 243के के तहत राज्य निर्वाचन आयोग की स्वतंत्र भूमिका को भी रेखांकित करते हुए उन्होंने



कहा कि चुनाव कराना सरकार की इच्छा नहीं, बल्कि संवैधानिक दायित्व है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि राज्य सरकार परिसीमन, पुनर्गठन और ह्लवन स्टेट-वन इलेक्शनह्व जैसे बहानों के जरिए चुनाव टाल रही है, जबकि सर्वोच्च न्यायालय भी इस तरह के कारणों को वैध आधार नहीं मान चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा कई बार निर्देश दिए जाने के बावजूद सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। गहलोत के अनुसार, 439 याचिकाओं पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट द्वारा 15 अप्रैल 2026 तक चुनाव कराने की समयसीमा तय की गई, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी बरकरार रखा है। इसके बावजूद सरकार की ओर से ठोस कदम नहीं उठाना चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि जब कोई सरकार लगातार संवैधानिक प्रावधानों की अनदेखी करे, नागरिकों के मताधिकार को बाधित रखे और न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करे, तो यह स्थिति संवैधानिक विघटन की ओर इशारा करती है। गहलोत ने 73वें और 74वें संविधान संशोधनों की भावना का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थानीय स्वशासन और जनभागीदारी को कमजोर करना लोकतंत्र के मूल ढांचे को नुकसान पहुंचाता है। अंत में उन्होंने चेतावनी दी कि राजस्थान की जनता अपने अधिकारों के हनन को चुपचाप स्वीकार नहीं करेगी।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर स्वस्थ बेबी शो प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

एजेंसी

**सुपौल :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा तत्वावधान में सदर अस्पताल परिसर में बेबी शो, स्वस्थ बेबी शो प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। समारोह में पुरस्कार वितरण की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी सह अध्यक्ष रेडक्रॉस सोसायटी, मुख्य अतिथि मो हारूण रशीद पूर्व उपसभापति विधान परिषद, सिविल सर्जन सह उपाध्यक्ष डॉ बाबू साहेब झा, मुख्य पार्षद नगर परिषद राघवेन्द्र झा, आइ एम ए अध्यक्ष डॉ शांति भूषण सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ ओ पी अमन सहित डॉ राजाराम गुप्ता, डॉ विनय कुमार, डॉ आलोक कुमार, डॉ ए एस पी सिन्हा, डॉ दिगंत मिश्रा, डॉ ठाकुर प्रसाद एवं हेल्थ मैनेजर अभिनव कुमार की सराहनीय भूमिका निभाई। संकल्प लिया गया। प्रतियोगिता में 0 से 1 बर्ष ग्रुप में आयंश कुमार प्रथम, अलपीया प्रवीण द्वितीय, अराध्या कुमारी



तृतीय। 1 से 3 बर्ष ग्रुप में आदित्य चौधरी प्रथम, आदर्श आनंद द्वितीय, मो सामान तृतीय। 3 से 5 वर्ष ग्रुप में कृतिका प्रथम, पार्थ कुमार द्वितीय, राशि कुमार तृतीय श्रेणी में चयनित सभी बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर रेडक्रॉस चेयरमैन डॉ कन्हैया प्रसाद सिंह ने सभी अतिथि का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा रेड क्रॉस एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों की सराहना की। इस अवसर पर रेड क्रॉस वाइस चेयरमैन सुब्रत मुखर्जी, सचिव रामकुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष अभय तिवारी, प्रबंध समिति सदस्य अमरेन्द्र कुमार अमर, नीलम कुमारी, खुर्शीद आलम, गोविन्द पासवान, चंद्र शेखर चौधरी पेट्रोन सदस्य डॉ विजय शंकर चौधरी, डॉ राजाराम गुप्ता, संजय अग्रवाल जदिया, जगन्नाथ चौधरी, आजीवन सदस्य रामजी प्रसाद साह, जोली खान, नीता कुमारी, नासरा परवीन, शंभु चौधरी, अमरनाथ साह, पवन अग्रवाल, एवं मोहित झा, पंकज मेहता, अनिकेत सिंह, प्रवीण कुमार, अंकिता कुमारी आदि ने सहयोगी किया। रेडक्रॉस सचिव रामकुमार चौधरी ने सभी अतिथि एवं सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। यह आयोजन एक छोटा प्रयास है आगे बृहद रूप में कार्य करने की इच्छा है। रेड क्रॉस द्वारा 200 डिजिटल आंक्सीमीटर सदर अस्पताल को देने की धोषणा अध्यक्ष के समक्ष किया गया। सभी सदस्यों ने मानवीय सेवा के लिए सराहना की।

### राजस्थान में बारिश-ओलावृष्टि से ठंडक, किसानों की बढ़ी चिंता

**जयपुर :** प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम ने अचानक करवट ले ली है। मंगलवार को राजस्थान के अनेक जिलों में बारिश और ओलावृष्टि का दौर जारी रहा, जिससे जहां एक ओर लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर किसानों की चिंता बढ़ गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर के अनुसार यह सिस्टम आठ अप्रैल तक प्रभावी रहेगा, इसके बाद मौसम साफ होने की संभावना जताई गई है। प्रदेश में मंगलवार को श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, नागौर, चूरू, झुंझुनूं, सीकर सहित कई जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई और कई स्थानों पर ओले भी गिरे। कुछ इलाकों में हवा की रफ्तार 40 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक रही। राजधानी जयपुर में भी देर रात करीब डेढ़ घंटे तक तेज बारिश हुई, जिससे तापमान में करीब सात डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ गई और मौसम सुहावना हो गया। बदले मौसम का असर तापमान पर भी नजर आया।

## हर प्रभावित किसान व बटाईदार को त्वरित राहत, क्षतिपूर्ति में नहीं होगी देरी : मुख्यमंत्री योगी

एजेंसी

**लखनऊ :** असमय बारिश, ओलावृष्टि तथा कुछ स्थानों पर आगजनी की घटनाओं से रबी फसलों को हुए नुकसान पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी एवं संवेदनशील कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। बुधवार की सुबह इस संबंध में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि इस विपरीत परिस्थिति में अन्नदाता का चिंतित होना स्वाभाविक है और राज्य सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ किसानों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक प्रभावित किसान एवं बटाईदार के नुकसान का सटीक, निष्पक्ष एवं समयबद्ध आकलन कर तत्काल क्षतिपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तर पर राजस्व, कृषि एवं



अन्य संबंधित विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए शीघ्र सर्वेक्षण कर रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाए, ताकि राहत वितरण में किसी प्रकार का विलंब न हो। उन्होंने बीमा कंपनियों के साथ सक्रिय समन्वय स्थापित कर फसल बीमा दावों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी स्वयं किसानों से संपर्क कर उन्हें बीमा योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें, जिससे अधिकतम राहत उपलब्ध हो सके। राजस्व विभाग को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आपदा राहत कोष से प्रत्येक जनपद को पर्याप्त धनराशि तत्काल उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि प्रभावित किसानों को त्वरित एवं पारदर्शी ढंग से सहायता प्रदान की जाए। जहां आवश्यकता हो, वहां राहत शिविर स्थापित किए जाएं तथा मंडी समितियों के माध्यम से भी किसानों को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराया जाए। अग्निकांड की घटनाओं पर विशेष संवेदनशीलता बरतते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि जनहानि एवं पशुहानि की स्थिति में 24 घंटे के भीतर राहत राशि उपलब्ध कराई जाए।

## इजरायल में नेपाली दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए जारी किया हाई अलर्ट

एजेंसी

**काठमांडू :** इजराइल स्थित नेपाली दूतावास ने इजराइल के विभिन्न क्षेत्रों में रह रहे नेपाली नागरिकों के लिए एक हाई अलर्ट संदेश जारी करते हुए उनसे संयमित, सतर्क और सुरक्षित तरीके से रहने की अपील की है। नेपाली दूतावास ने बुधवार आठ बिंदुओं वाला एक ह्यअत्यावश्यकह्न परामर्श जारी कर यह आग्रह किया है। आपातकालीन स्थिति में सहायता के लिए दूतावास ने द्वितीय सचिव कुमार बहादुर श्रेष्ठ और तृतीय सचिव संज कुमार शाह से मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क करने को कहा है। दूतावास के द्वारा जारी बयान के अनुसार, द्वितीय सचिव कुमार बहादुर श्रेष्ठ का संपर्क नंबर +972-535360748 और तृतीय सचिव संज कुमार शाह का संपर्क नंबर +972-545582077 है। दूतावास ने होम फ्रंट कमांड सहित इजराइल सरकार और उसके आधिकारिक निकायों द्वारा जारी निर्देशों और सूचनाओं का पालन करने का भी अनुरोध किया है। साथ ही, अलर्ट एसएमएस प्राप्त होने या खतरे का संकेत देने वाले सायरन बजने पर लापरवाही न करते हुए तुरंत अपने निकटतम बम शेल्टर में जाने की सलाह दी गई है। इजराइल में रह रहे नेपाली नागरिकों से अपने पासपोर्ट, पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, बैंक कार्ड आदि महत्वपूर्ण दस्तावेज हमेशा अपने साथ रखने और ताजा घटनाक्रम की नियमित जानकारी लेते रहने को भी कहा गया है। इसके अलावा, सोशल मीडिया पर प्रसारित युद्ध संबंधी वीडियो को अनावश्यक रूप से साझा न करने तथा अपने दोस्तों, परिवार और रिश्तेदारों के साथ नियमित संपर्क में रहने की भी अपील की गई है।

# सराफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट जारी, चांदी की कीमत में बदलाव नहीं

एजेंसी

**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। दूसरी ओर चांदी के भाव में आज लगातार तीसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। सोना आज 750 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 820 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। सोने की कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,830 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,49,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं 22 कैरेट सोना आज 1,37,340 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,37,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। वहीं चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु आज भी



दिल्ली सराफा बाजार में मंगलवार के भाव यानी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर ही बिक रही है।

दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,49,980 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,49,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,49,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,390 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,49,830 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,37,340 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,49,830 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,340 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,980 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,37,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,49,980 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,49,830 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,37,340 रुपये प्रति 10

### पश्चिम एशिया में सीजफायर की खबर से शेयर बाजार में उत्साह, सेंसेक्स और निफ्टी में जोरदार तेजी

**नई दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी जंग में अगले दो सप्ताह तक के लिए सीजफायर होने का ऐलान होने के बाद घरेलू शेयर बाजार में आज जोरदार तेजी का रुख बना हुआ है। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक 3.5 प्रतिशत से भी अधिक उछल गए। आज के कारोबार की शुरूआत भी जबरदस्त मजबूती के साथ हुई थी। कारोबार की शुरूआत होने के बाद मुनाफा वसूली की मामूली कोशिश भी हुई। इसके बावजूद बाजार का जोश इतना हाई था कि सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों की चाल पर ज्यादा असर नहीं पड़ सका। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 3.47 प्रतिशत और निफ्टी 3.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे।
शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से इंटर ग्लोब एविएशन, श्रीराम फाइनेंस, अदानी एंटरप्राइज, अदानी पोर्ट्स और लार्सन एंड टूब्रो के शेयर 9.50 प्रतिशत से लेकर 6.18 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, कोल इंडिया, ओएनजीसी, टेक महिंद्रा, विप्रो और सन फार्मास्यूटिकल के शेयर 3.19 प्रतिशत से लेकर 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते हुए नजर आ रहे थे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### असम की सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक मान्यता: मुख्यमंत्री सरमा



**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि राज्य के विभिन्न जाति-जनजातियों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत ने हाल के समय में विश्व स्तर पर असम की एक विशिष्ट पहचान स्थापित की है। मुख्यमंत्री ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया संदेश में कहा कि विश्व की अन्य लोक संस्कृतियों की तरह असम की लोक संस्कृति भी प्राचीन और अत्यंत समृद्ध है। उन्होंने बताया कि इस सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण और वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार के लिए सरकार द्वारा उठाए गए कदमों को जनता का अभूतपूर्व समर्थन और सहयोग मिला है। बिहू, झूमर और बागरुंबा जैसे प्रमुख सांस्कृतिक आयोजनों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इनकी सफलता के पीछे नई पीढ़ी का उत्साह और जिम्मेदारी की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई देती है, जो एक शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी राज्य सरकार अपनी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूती से संजोते हुए असम की समृद्ध परंपराओं को विश्व पटल पर और अधिक मजबूती से प्रस्तुत करती रहेगी।

### कटिहार में दर्दनाक हादसा, ट्रक की टक्कर से तीन युवकों की मौत

**कटिहार :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत रोजीतपुर बाईपास के समीप मंगलवार रात एक दर्दनाक हादसा हुआ, जहां गलत दिशा से आ रहे एक ट्रक ने बाइक सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक आपस में चचेरे भाई थे और एक ही परिवार के थे। मृतकों की पहचान नितेश कुमार उरांव, राजीव कुमार और राहुल के रूप में हुई है, जो मनिहारी थाना क्षेत्र के महियारपुर गांव के रहने वाले थे। ट्रक भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) का था और गलत दिशा से आ रहा था। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है और चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। परिजनों ने बताया कि राहुल घटना वाले दिन ही गुजरात से घर लौटा था और अपने दोनों भाइयों को कटिहार स्टेशन छोड़ने जा रहा था, जहां से वे मजदूरी के लिए बाहर जाने वाले थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने सड़क जाम कर हंगामा किया। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है। सदर डीएसपी अभिजीत कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि प्रारंभिक जांच में ट्रक के गलत दिशा से आने की बात सामने आई है। टक्कर के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है।

### अभयापुरी में भीषण आगजनी, 14 व्यावसायिक प्रतिष्ठान जलकर राख

**बंगाईगांव (असम) :** अभयापुरी के घिलागुड़ी क्षेत्र में मंगलवार की देर रात अचानक लगी भयावह आग की घटना में तीनिआली बाजार स्थित कम से कम 14 व्यावसायिक प्रतिष्ठान जलकर पूरी तरह नष्ट हो गए।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, रात करीब 1 बजे आग लगी और देखते ही देखते आसपास की दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग के दौरान एक होटल में रखे दो एलपीजी सिलेंडरों में विस्फोट होने से स्थिति और भी भयावह हो गई, जिससे आग तेजी से फैल गई। इस अग्निकांड में किराना दुकान, चाय की दुकान, ऑनलाइन कैफे, कपड़े और चप्पल की दुकान, सैलून, मनिहारी दुकान, पूजा सामग्री की दुकान तथा जेरॉक्स केंद्र सहित कुल 14 प्रतिष्ठान पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना में लगभग 80 से 90 लाख रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। सूचना मिलते ही अभयापुरी अग्निशमन दल मौके पर पहुंचा और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि आग लगने के सही कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक रूप से विद्युत शॉर्ट सर्किट को इसका संभावित कारण माना जा रहा है। पुलिस और प्रशासन द्वारा मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### कुल्लू में 890 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**कुल्लू :** एसटीएफ ने चरस तस्करी के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। यह मामला उस समय सामने आया जब एसटीएफ की टीम मंगलवार देर शाम मंडी के बिंद्राबनी फोरलेन के पास नाका लगाकर जांच कर रही थी। जांच के दौरान चंडीगढ़ की ओर जा रही वॉल्वो बस (नंबर डीडी10वाई-9603) को रोका गया। बस में सवार एक युवक पुलिस टीम को देखकर घबरा गया, जिस पर संदेह होने पर उसकी तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवक के कब्जे से 890 ग्राम चरस बरामद की गई। एसटीएफ कुल्लू के डीएसपी हेमराज वर्मा ने बताया कि आरोपी की पहचान शक्ति शर्मा (27), पुत्र जगदीश चंद, निवासी डंगार, तहसील घुमारवीं जिला बिलासपुर के रूप में हुई है। उसके खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। आगे की कार्रवाई के लिए मामला पुलिस चौकी पंडोह को सौंप दिया गया है।

### गोण्डा : पशु चोरों से मुठभेड़, घायल सहित दो गिरफ्तार, 1.27 लाख नकदी बरामद

**गोण्डा :** उत्तर प्रदेश के गोण्डा जिले में नवाबगंज थाना क्षेत्र में देर रात पुलिस और पशु चोरों के बीच मुठभेड़ हो गई। एसओजी और सर्विलांस टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी भी मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस, वाहन और 1.27 लाख रुपये नकद बरामद किए हैं। नवाबगंज थाना क्षेत्र में पुलिस को उस समय बड़ी सफलता मिली जब देर रात पशु चोरों के एक सक्रिय गिरोह से आमना-सामना हो गया। सूचना के आधार पर एसओजी और सर्विलांस टीम ने घेराबंदी की, जिसके बाद बदमाशों ने भागने का प्रयास किया और मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया और उसे तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरा आरोपी भी मौके से दबोच लिया गया। गिरफ्तार बदमाश अंतरजनपदीय गिरोह से जुड़े बताए जा रहे हैं, जो कई जिलों में पशु चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से अवैध तमंचा, जिंदा और खोखा कारतूस, एक चार पहिया वाहन तथा 1 लाख 27 हजार रुपये नकद बरामद किए। पुलिस के अनुसार यह रकम चोरी की गई भैंसों को बेचकर जुटाई गई थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं और अब पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

### ब्लैकमेलिंग से परेशान हो महिला ने ट्रेन के आगे कूदकर दी थी जान ,दो पर केस दर्ज

**महोबा :** यूपी के महोबा जनपद में ब्लैकमेलिंग का सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां साथी श्रमिक ने महिला को अपने प्रेम जाल में फंसा उसके साथ कई बार अवैध संबंध बनाए और अश्लील वीडियो और फोटो बना ठेकेदार के साथ मिल उसे ब्लैकमेल करने लगा। महिला ने जब विरोध किया तो फोटो और वीडियो इंस्टाग्राम में शेयर कर दिए। साथ ही बेटे के वाट्सएप पर भी इन्हें भेज दिया। जिससे आहत होकर महिला ने ट्रेन से कटकर अपनी जान दे दी। पुलिस ने दो आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है। जनपद के कबरई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने बताया कि उसकी 40 वर्षीय पत्नी महोबा में चल रहे निर्माण कार्य में ठेकेदार बच्चू कुशवाहा निवासी छानीकला कबरई के साथ मजदूरी करती रही। इसी दौरान साथ में काम कर रहे कल्याण प्रजापति का पत्नी से प्रेम प्रसंग चलने लगा । उसने कई बार पत्नी के साथ अवैध संबंध बनाए। जिसका फोटो व वीडियो भी उसने बना लिया। और इसके साथ ही तीन माह किए गए काम की मजदूरी भी नहीं दी।कल्याण व ठेकेदार दोनों मिलकर उसकी पत्नी को लगातार ब्लैकमेल करने लगे और जबरन काम में बुलाने लगे। बताया कि पत्नी ने काम करने से इंकार कर दिया तो 16 मार्च को इन लोगों ने अश्लील फोटो व वीडियो इंस्टाग्राम में शेयर कर दिए। इतने पर भी मन नहीं भरा तो अश्लील फोटो वीडियो उसके पुत्र के वाट्सएप नंबर पर भेज दिए। जिससे पत्नी ने इन लोगों की हरकतों से तंग आकर 17 मार्च की सुबह बरीपुरा रेलवे स्टेशन के आउटर में ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। पति के अनुसार मानसिक रूप से परेशान होने के कारण से वह पुलिस में देरी से सूचना दे पाया है। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक मनीष पांडेय ने बताया कि तहरीर के आधार पर दो आरोपितों कल्याण प्रजापति और ठेकेदार बच्चू कुशवाहा पर मुकदमा दर्ज किया गया है,आगे की कार्रवाई की जा रही है।

न्यूज IN ब्रीफ

## जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने अधिकारियों को दिए निर्देश



**देवघर :** जिले की जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। साथ ही मौके पर जिलास्तर के सभी अधिकारी व कर्मी उपस्थित थे, ताकि ऑन द स्पॉट समस्याओं का समाधान संबंधित विभाग द्वारा किया जा सके। इसके अतिरिक्त जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में बिजली बिल माफी, झारखण्ड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना, भू-राजस्व, पेंशन, आवास, अंचल, कृषि, जेएसएलपीएस से जुड़े मामलों को समक्ष रखा गया। साथ ही जिला आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएँ सुनी गयी एवं आश्वस्त किया गया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जाँच कराते हुए जल्द से जल्द सभी का समाधान किया जाएगा। इसके अलावे जनता दरबार के दौरान विभिन्न आवेदन शिकायत के रूप में आये, जो कि जिले के विभिन्न विभागों से संबंधित थे। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याएँ को सुनने के पश्चात जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीतिलता किस्कू ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निदेशित किया गया कि सभी आवेदनों का भौतिक जांच करते हुए, उसका समाधान जल्द से जल्द करें। इस दौरान उपरोक्त के अलावे संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

## जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं



**दुमका :** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंड से आए लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। जनता दरबार में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त श्री सिन्हा ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
उपायुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता दरबार के दौरान कई मामलों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन भी किया गया, जिससे उपस्थित लोगों में संतोष देखा गया। उपायुक्त श्री सिन्हा ने आश्वस्त किया कि शेष मामलों का भी शीघ्र समाधान किया जाएगा।

## दो कारों की भीषण टक्कर में महिला की मौत, छह घायल

**मेदिनीनगर :** सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव के पास मंगलवार शाम दो कारों की आमने-सामने टक्कर में एक महिला की मौत हो गई, जबकि दोनों वाहनों के चालक सहित छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका की पहचान रांची आजाद बस्ती फूलबगान निवासी नाहिद प्रवीण के रूप में हुई है।

घायलों में राजू उर्फ फरहान खान (40), इसरत प्रवीण (50), अफजल खान, कौशर खान, चालक मोहम्मद सुलतान आलम (सभी रांची) तथा दूसरे कार के चालक आफताब अंसारी (25), निवासी चांदो गांव, चैनपुर शामिल हैं।

जानकारी के अनुसार सभी लोग रांची लौट रहे थे, तभी पोलपोल गांव के समीप दोनों कारों की टक्कर हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने नाहिद प्रवीण को मृत घोषित कर दिया। अन्य घायलों का इलाज जारी है। पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## पत्नी से विवाद के बाद बुजुर्ग ने लगाई फांसी, पुलिस जांच में जुटी

**मेदिनीनगर :** लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के गोराडीह गांव में मंगलवार की रात एक दुखद घटना सामने आई। 70 वर्षीय इंद्रदेव महतो ने घरेलू विवाद के बाद मानसिक तनाव में आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के पुत्र द्वारिका महतो ने बताया कि उनके माता-पिता घर पर अकेले रहते थे, जबकि वे लोग लगभग एक किलोमीटर दूर पुराने घर में रहते हैं। मंगलवार की रात किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ, जिसके बाद गुस्से में आकर इंद्रदेव महतो ने अपने घर में फांसी लगा ली।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस को खबर दी। मौके पर पहुंची लेस्लीगंज थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मेदनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया।पुलिस ने बताया कि मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं पर छानबीन की जा रही है।

## लोडेड पिस्तौल के साथ तीन गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** परसुडीह पुलिस ने बुधवार तड़के गदड़ा भूमिज टोला प्राथमिक विद्यालय में छापेमारी कर पिस्तौल के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में गदड़ा ड्राइवर कॉलोनी निवासी रौशन सिंह उर्फ पाका, बारिगोड़ा निवासी रौशन कुमार उर्फ गोलू बंगाली और राहड़गोड़ा निवासी आनंद पॉल शामिल है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर एक लोडेड पिस्तौल बरामद की है। इस संबंध में परसुडीह थाना प्रभारी अविनाश कुमार के बयान पर मामला दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्राथमिक विद्यालय में कुछ युवक किसी घटना को अंजाम देने के लिए जुटे है। सूचना पर पुलिस ने तड़के 3.30 बजे छापेमारी शुरू की।हालांकि पुलिस को देख अन्य युवक मौके से फरार हो गए जबकि तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में गिरफ्तार आरोपियों समेत कुल 9 लोगों को आरोपी बनाया गया है।

# राजकीय श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को नये समाहरणालय भवन में विभिन्न कार्यालयों का स्थानांतरण एवं आयुक्त, संथाल परगना के प्रस्तावित देवघर भ्रमण को लेकर बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया।

बैठक में उपायुक्त श्री लकड़ा ने नए समाहरणालय भवन में विभिन्न सरकारी कार्यालयों के स्थानांतरण को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि कल दिनांक 08 अप्रैल से 12 अप्रैल तक सभी कार्यालय प्रधान अनिवार्य रूप से अपने-अपने कार्यालयों को नए भवन में स्थानांतरित कर लें, ताकि नए परिसर से कामकाज सुचारू रूप से शुरू हो सके। आगे आयुक्त, संथाल परगना के प्रस्तावित देवघर भ्रमण को देखते हुए उपायुक्त श्री लकड़ा ने आगामी राजकीय श्रावणी मेला-2026 की तैयारियों की भी विस्तृत समीक्षा की। साथ ही उन्होंने मेले के सफल आयोजन और श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे अपनी कार्ययोजना का



विस्तृत प्रस्ताव और प्रतिवेदन जल्द से जल्द उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

बैठक में नगर आयुक्त रोहित सिन्हा, उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीआरडीए निर्देशक, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलश प्रियदर्शी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला भूअर्जन पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, एनआरपी, विद्युत आपूर्ति, आरसीडी, पीएचडी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी एवं जिला स्तर के अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## आयुक्त से सेवानिवृत्त जटाशंकर चौधरी लोकप्रिय आईएएस अधिकारी के रूप में पहचाने जाते हैं

**बिनय मिश्रा**

झारखंड राज्य के कई ऐसे आईएएस अधिकारी हैं जिन्होंने अपने बेहतर उत्कृष्ट और मानवता तथा संवेदना भरे कार्यों के लिए आज भी पहचाने जाते हैं उन्हीं में से भारतीय प्रशासनिक सेवा 2005 बैच के लोकप्रिय कर्मठ और बेहतर कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईएएस अधिकारी जटाशंकर चौधरी भी शामिल हैं श्री चौधरी सिमडेगा और जामताड़ा के लोकप्रिय उपायुक्त भी रह चुके हैं उनकी मानवता और संवेदना का कई ऐसे उदाहरण है जो लोगों के लिए प्रेरणा है श्री चौधरी जब जामताड़ा के उपायुक्त थे तब एक वृद्ध महिला ठंड के दिनों में उनसे मिलने पहुंची अपने पास से उक्त वृद्ध महिला को कंबल मंगवा कर दिया फिर उसकी पीड़ा और व्यथा को भी सुना तथा तत्क्षण इसका निष्पादन भी किया श्री चौधरी सिमडेगा में अपने पद स्थापना काल के दौरान इस जिला का सर्वांगीण विकास किया जिसके फल स्वरुप आज भी जिला वासियों के द्वारा याद किए जाते हैं तथा जामताड़ा में भी उनके दलों द्वारा किए गए कार्य आज भी लोगों के लिए काफी यादगार हैं श्री चौधरी कृषि निदेशक भी रहे इसी का यह परिणाम है कि पलामू में जब हुए आयुक्त के रूप में पदस्थापित हुए तो



पलामू में आयुक्त आवास आज भी फूलों एवं पौधों से आज भी गुलजार मयहै रांची के आयुक्त रहे तथा पलामू के प्रभारी आयुक्त अंजनी मिश्रा भी पलामू आयुक्त के आवास में आज भी फूल पौधों के विभिन्न प्रकार और प्राकृतिक सौंदर्य की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहते हैं कि पलामू के आयुक्त का आवास आज भी अपने आप में अलौकिक है श्री चौधरी पलामू के आयुक्तके साथ-साथ उत्तरी छोटा नागपुर बोकारो रेंज के भी प्रभारी आयुक्त रहे हैं इनके बेहतर और उत्कृष्ट कार्यो का या परिणाम है कि आज भी श्री चौधरी झारखंड के उन लोकप्रिय आईएएस अधिकारी में शामिल है जिनके बेहतर कार्य प्रणाली आज भी उनकी सशक्त पहचान है ऐसे आईएएस अधिकारी से निश्चित तौर पर विभाग और राज्य दोनों गौरवान्वित होते हैं

## होमगार्ड बहाली प्रक्रिया का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

**संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 1 अप्रैल से संचालित हो रही होम गार्ड बहाली प्रक्रिया का उपायुक्त श्रीमती कीर्तिश्री जी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बहाली प्रक्रिया के विभिन्न चरणों–पंजीकरण, शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन–का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर उपस्थित अभ्यर्थियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अनुभवों की जानकारी ली। अभ्यर्थियों ने व्यवस्थाओं को संतोषजनक बताया, जिस पर उपायुक्त ने संतोष व्यक्त किया, वहीं प्राप्त सुझावों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए।उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बहाली प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराई जाए। उन्होंने अभ्यर्थियों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेयजल, छाया, चिकित्सा सुविधा, शौचालय एवं विश्राम स्थल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।साथ ही उन्होंने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था बनाए रखने तथा अभ्यर्थियों के साथ संवेदनशील एवं सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने का निर्देश दिया।उपायुक्त ने कहा कि यह बहाली प्रक्रिया जिले के युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, अतः सभी संबंधित अधिकारी इसे पूरी जिम्मेदारी एवं सजगता के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कराएं।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल, अपर समाहर्ता अरविंद कुमार, जिला नियोजन पदाधिकारी मन्नू कुमार समेत संबंधित विभागों के पदाधिकारी, दंडाधिकारी एवं पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## डीसी ने जनगणना को लेकर की बैठक

**संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त सह प्रधान जनगणना पदाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में बुधवार को जनगणना-2027 की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।बैठक में डीसी ने कार्य प्रगति एवं आगामी योजना की तैयारी पर विस्तृत निर्देश दिये है।उपायुक्त के द्वारा सी०एम०एम०एस० पोर्टल पर जनगणना सम्बन्धित किए जा रहे कार्यों की चार्जवार समीक्षा की गई, जिसमें सभी चार्ज अधिकारियों (ग्रामीण/ नगरीय) को मकान सूचीकरण ब्लाक (एच०एल०बी०) मैपिंग कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।इसी तरह उन्होंने प्रशिक्षण में सिखाई गई बातों का पूर्ण रूप से अनुपालन करने पर बल दिया।उन्होंने कहा कि भारत की जनगणना 2027 पहली बार डिजिटल माध्यम से की जाएगी।जनगणना सीएमएमएस पोर्टल,स्व गणना पोर्टल,मोबाइल ऐप के माध्यम से विभिन्न चरणो में



किया जाएगा।इसलिए स्व गणना के विषय में लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें ताकि जनगणना में आम लोगों की भागीदारी को बढ़ाया जा सके।इसी तरह उन्होंने चार्ज पदाधिकारियों से जनगणना कोषांग का गठन,जनगणना के लिए जिला नोडल पदाधिकारी चिन्हित करने का कार्य,डिस्ट्रिक्ट एडमिनिस्ट्रेशन का लॉगिन आईडी और पासवर्ड सक्रीय करने सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की।
उन्होंने सभी चार्ज पदाधिकारियों से जनगणना -2027 के फील्ड कार्य हेतु प्रगणक एवं पर्यवेक्षक की इन्ट्री सी०एम०एम०एस० पोर्टल पर जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त जावेद हुसैन,जिला जनगणना पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार,जिला सांख्यिकी पदाधिकारीझसहझअपर जिला जनगणना पदाधिकारी शिशिर तिग्गा,सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारीझसहझचार्ज पदाधिकारी (जनगणना),
कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, बिश्रामपुर / नगर पंचायत, हुसैनाबाद, छतरपुर एवं हरिहरगंज, जिला जनगणना कोषांग के सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

## निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : डीसी

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** उपायुक्त -सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में बुधवार 12:00 बजे कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला योजना कार्यालय अंतर्गत संचालित योजनाओं कार्यों एवं क्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर योजना कार्यान्वयन समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंतर्गत संचालित पंचायत भवन निर्माण योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए । सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत चार अपूर्ण योजनाओं की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्थलीय निरीक्षण कर



कार्यों में तेजी लाएं और निर्धारित समयसीमा के भीतर योजनाओं को पूर्ण करें।राजमहल एवं बरहेट में नव निर्मित इनडोर स्टेडियम के सुचारू संचालन को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि जल्द से जल्द इनडोर स्टेडियम में खेल गतिविधियों का संचालन प्रारंभ किया जाए, ताकि स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा मिल सके। नीति आयोग योजना के अंतर्गत जिले के 50 विद्यालयों में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस पर उपायुक्त ने सभी विद्यालयों का निरीक्षण कर व्यवस्था की गुणवत्ता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।बैठक में जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जेएसएलपीएल डीपीएम मतीन तारिक, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विशेष प्रमंडल रामाकांत प्रसाद सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरकारी स्कूलों में बेसिक सुधार के लिए चलेगी रेमेडियल क्लास

**संवाददाता**

**जमशेदपुर :** सरकारी स्कूलों में नए सत्र की शुरूआत हो गई है। बेसिक सुधार को लेकर नए सत्र से रेमेडियल क्लास चलाने की तैयारी की जा रही है। ये कक्षाएं अप्रैल और मई महीने में दो महीने तक संचालित होंगी। पहली से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों को इसमें शामिल किया जाएगा। वहीं, पीएम श्री स्कूलों में भी रेमेडियल क्लास की व्यवस्था लागू होगी। इसके अलावा 12वीं के छात्रों के लिए आर्ट्स, कॉमर्स और साइंस स्ट्रीम की कक्षाएं अलग से संचालित होंगी। चार ग्रुप में बांटे जाएंगे विद्यार्थीपहले टेस्ट के माध्यम से विद्यार्थियों के स्तर की पहचान की जाएगी। इसके बाद उन्हें चार ग्रुप ए, बी, सी और डी ग्रुप में रखा जाएगा। हिंदी, अंग्रेजी, गणित, समाज विज्ञान, संस्कृत तथा अन्य विषयों की रेमेडियल क्लास स्कूल समय में प्रतिदिन लगाई जाएगी। इसे लेकर सभी स्कूलों को निर्देश दिया गया है। अप्रैल के पहले सप्ताह से ही इसे शुरू करने को कहा गया है।झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद ने सभी जिलों को विशेष दिशा-निर्देश दिए हैं। कमजोर छात्र-छात्राओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। प्रत्येक विषय के शिक्षक अपनी विषय की रेमेडियल क्लास लेंगे। गणित, अंग्रेजी और विज्ञान जैसे जटिल विषयों पर ज्यादा जोर रहेगा। कमजोर विद्यार्थियों को हिंदी, सामाजिक अध्ययन और संस्कृत में परेशानी होती है, इनके लिए भी रेमेडियल कक्षाएं लगाई जाएंगी।

## उत्पाद सिपाही परीक्षा को लेकर डीसी ने दिए निर्देश

**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा व पुलिस अधीक्षक सौरभ की संयुक्त अध्यक्षता में मंगलवार को उत्पाद सिपाही परीक्षा संबंधित बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में किया गया। बैठक में उपायुक्त श्री लकड़ा ने सुरक्षा संबंधित तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त श्री लकड़ा ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु सुरक्षा व्यवस्था, विधि-व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि परीक्षा पूरी तरह से पारदर्शी, कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न होनी चाहिए। आगे उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल और दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने के अलावा केंद्रों के प्रवेश द्वार और परीक्षा हॉल में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त श्री लकड़ा ने बैठक में जानकारी दी कि 12 अप्रैल को जिले में झारखंड उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा-2023 का आयोजन किया जाएगा, इसके लिए



जिले में परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। परीक्षा का आयोजन तीन पालियों में किया जाएगा। ऐसे में उपायुक्त ने परीक्षा के निष्पक्ष, पारदर्शी और कदाचार मुक्त वातावरण में संचालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही फ्लाइंग स्क्वाड को सक्रिय रहने और किसी भी प्रकार की अनिमितता पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त केंद्रों पर पेयजल, प्रकाश और सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया। इसके अलावा पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था, जांच अभियान और सोशल मीडिया पर निगरानी को लेकर संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया।बैठक में जिले के अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रवि कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, ट्रैफिक डीएसपी, जिला शिक्षा अधीक्षक, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी संबंधित अधिकारी व पुलिस पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।